

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

jaipurtimes.org
twitter.com/JaipurTimes2
dainikjaipurtimes
youtube.com/c/JaipurTimes
instagram.com/jaipurtimesjt

वर्ष : 10 | अंक : 62 | ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 | जयपुर, बुधवार 26 मार्च, 2025 | ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 | ■ मूल्य : 1.5 रुपए | ■ पृष्ठ : 8+2


## बाड़मेर में राज्यस्तरीय महिला सम्मेलन, राजस्थान दिवस का आगाज

# विकसित राजस्थान के संकल्प की सिद्धि में नारी शक्ति अहमः सीएम भजनलाल

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारे देश और प्रदेश का इतिहास वीरता और त्याग से भरा हुआ है। कालीबाई भील, रानी पद्मिनी, मीराबाई, पन्नाधाय और अमृता देवी जैसी महान महिलाओं ने अपनी शक्ति, सामर्थ्य और दृढ़ संकल्प का परिचय देकर अप्रतिम उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। उन्होंने कहा कि परिवार की नींव को मजबूत करने वाली महिलाएं हमारे समाज की धुरी हैं। हमारी डबल इंजन की सरकार महिलाओं के उत्थान व कल्याण के लिए कृतसंकल्पित होकर कार्य कर रही है और आधी आबादी को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बना रही है।

शर्मा ने मंगलवार को बाड़मेर के आदर्श स्टेडियम में राजस्थान दिवस समारोह के तहत आयोजित महिला सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि गौरवशाली सनातन संस्कृति को सम्मान देते हुए इस बार राजस्थान दिवस अंग्रेजी कलैण्डर के स्थान पर भारतीय पंचाग की तिथि नव संवत चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (30 मार्च) को मनाया जा रहा है। इसी दिन सरदार वल्लभभाई पटेल ने रियासतों को मिलाते हुए राजस्थान की स्थापना की थी। इस वर्ष भी रेवती नक्षत्र इंद्रयोग का वही संयोग बन रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में नारी को नारायणी का दर्जा प्राप्त है। नारी का सम्मान समाज और देश-प्रदेश के विकास की पहली सीढ़ी है, इसीलिए राजस्थान दिवस समारोह का पहला कार्यक्रम हमने मातृशक्ति को समर्पित किया है।



### प्रधानमंत्री ने महिला सशक्तीकरण के लिए किए अभूतपूर्व निर्णय

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में केन्द्र व राज्य की सरकारों ने महिला कल्याण के लिए अभूतपूर्व निर्णय किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की पहल पर नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण का प्रावधान कर उनका सशक्तीकरण किया है। साथ ही, तीन तलाक के खिलाफ सख्त कानून बनाकर मुस्लिम बहनों का जीवन भी तबाह होने से बचाया है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान संचालित कर, बैंक खाते खुलवाकर, उज्ज्वला सिलेंडर देकर तथा जल जीवन मिशन के जरिए गांव-गांव में नल से जल पहुंचाकर प्रधानमंत्री ने महिलाओं को बड़ी राहत दी है।

### पारदर्शिता के साथ भर्ती परीक्षाओं का आयोजन

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार युवा व महिलाओं को सरकारी नौकरियां उपलब्ध कराने की दृष्टि से निरंतर भर्तियां आयोजित कर रही हैं। इस बजट में भी हमने सवा लाख भर्तियों की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भर्तियां का आयोजन पूर्ण पारदर्शिता के साथ कर रही है और हमारे एक साल के कार्यकाल में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ। जबकि पूर्ववर्ती सरकार के समय में एक के बाद एक पेपरलीक हुए और युवाओं के सपनों के साथ विश्वासघात हुआ। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मानना है कि महिलाओं के उत्थान के बिना देश और प्रदेश की प्रगति संभव नहीं है, इसलिए उन्होंने माता बहनों को केंद्र में रखते हुए विकास योजनाएं बनाई है। प्रदेश में भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए विदेश भेजा जा रहा है। राज्य बजट में भी महिलाओं को विभिन्न सौगाते दी गई है। इस दौरान पशुपालन व डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत, उद्योग राज्यमंत्री के.के. बिश्नोई, विधायक श्रीचंद कृपलानी, आदूराम मेघवाल, हमीर सिंह, प्रियंका चौधरी, अरूण चौधरी, छोटूसिंह भाटी, प्रतापपुरी, रविन्द्र सिंह भाटी, प्रभारी सचिव सुबीर कुमार, महिला व बाल विकास विभाग शासन सचिव डॉ. महेंद्र सोनी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

### मुख्यमंत्री ने आधी आबादी को दी बड़ी सौगातें :

मुख्यमंत्री शर्मा ने महिला सम्मेलन में विभिन्न योजनाओं की चयनित लाभार्थियों से संवाद किया और योजनान्तर्गत देय सहायता से लाभान्वित किया। मुख्यमंत्री ने अति कुपोषित बच्चों के लिए टेक होम राशन में दूध 15 ग्राम से 25 ग्राम देने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए। महिला समूहों को लगभग 100 करोड़ रुपये की आजीविका संवर्धन निधि का हस्तान्तरण और 5 हजार महिलाओं को इंडेक्शन कुक टॉप का वितरण किया गया। साथ ही, उन्होंने स्वामी विवेकानन्द स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस के अंतर्गत 164 छात्राओं को चयन पत्र का वितरण किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की महिलाओं को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के लिए दिल्ली के बीकानेर हाउस में राजीविका मेला शुरू किया गया है। शर्मा ने गार्गी पुरस्कार, बालिका प्रोत्साहन व मुख्यमंत्री हमारी बेटियां योजना के अन्तर्गत 31 हजार 790 बालिकाओं को 13.16 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने बजट में विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी के लिए राजकीय महाविद्यालयों के पुस्तकालयों में अध्ययन की सुविधा उपलब्ध कराने की घोषणा की थी। इसी क्रम में हमने विभिन्न जिलों के 36 महिला महाविद्यालयों में ये सुविधा प्रारंभ की है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बर्तन बैंक योजना और सोलर दीदी के दिशा-निर्देश भी जारी किए।

### 1 करोड़ 10 लाख परिवारों को 200 करोड़ की राशि का हस्तांतरणः

शर्मा ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों को रोकने के लिए हमने सरकार बनते ही सबसे पहले एंटी रोमियो स्क्वॉड का गठन किया। साथ ही, बालिकाओं को शिक्षा व संबल उपलब्ध कराने के लिए लाडो प्रोत्साहन योजना लागू की। अब इसके तहत गरीब परिवार की बालिकाओं के जन्म पर एक लाख के स्थान पर डेढ़ लाख रुपये का सेविंग बॉण्ड मिलेगा। आज कार्यक्रम में 30 हजार लाभार्थियों को 7.50 करोड़ रूपये की सहायता प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार जरूरतमंद महिलाओं को 450 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर उपलब्ध करवा रही है। आज हमने 1 करोड़ 10 लाख परिवारों को 200 करोड़ की राशि का हस्तांतरण किया है।

### बालिकाओं को 5 हजार स्कूटियों का वितरणः

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं तथा साथिन बहनों के मानदेय में 10 प्रतिशत बढ़ोतरी भी की है। वहीं अब लखपति दीदी की श्रेणी में आने वाली स्वयं सहायता समूह की सदस्यों को ढाई प्रतिशत के बजाय डेढ़ प्रतिशत ब्याज दर पर एक लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि देवनारायण छात्रा स्कूटी व प्रोत्साहन राशि योजना तथा कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना के तहत 5 हजार स्कूटी व प्रोत्साहन राशि का वितरण किया गया है। योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित बालिकाओं को उन्होंने बधाई दी। शर्मा ने कहा कि कहा कि किशनगढ़ में फ्लाइंग ट्रेनिंग स्कूल के माध्यम से प्रदेश की बेटियों को पायलट बनाया जा रहा है। भीलवाड़ा के हमीरगढ़ में फ्लाइंग ट्रेनिंग स्कूल जल्द शुरू होने जा रहा है। प्रतापगढ़, झालावाड़ और झुंझुनूं में भी फ्लाइंग ट्रेनिंग स्कूलों की स्थापना के लिए एमओयू हो चुके हैं।

### वंचित, महिला, बुजुर्ग और दिव्यांगों के कल्याण को समर्पित हमारा बजट

शर्मा ने कहा कि बजट 2025-26 में हमने वंचित वर्गों, महिलाओं, बुजुर्गों व दिव्यांगों के लिए संचालित आवासीय संस्थानों का मैस भत्ता बढ़ाकर 3 हजार 250 रुपये प्रतिमाह कर दिया है। सभी संभागीय मुख्यालयों पर 50 बेड के सरस्वती हाफ वे होम्स के माध्यम से बालिका गृहों में निवास करने वाली बालिकाओं के 18 वर्ष की होने के बाद भी उन्हें हैंड होल्डिंग की जरूरत होने पर सुविधा भी दी जाएगी। शर्मा ने कहा कि नारी उत्थान के लिए प्रदेश में 10 जिला मुख्यालयों पर बालिका देखभाल संस्थान की स्थापना, नवगठित नगरीय निकायों सहित अन्य क्षेत्रों में महिलाओं के लिए 500 पिंक टॉयलेट का निर्माण, हर ब्लॉक पर रानी लक्ष्मी बाई केंद्र की स्थापना जैसे महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि सोलर दीदी के रूप में नया कैडर बनाकर आगामी वर्ष पहले चरण में स्वयं सहायता समूह की 25 हजार महिलाओं को सोलर दीदी के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा। साथ ही, राज्य के आंगनबाड़ी केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं को अंतिम 5 महीनों में अतिरिक्त पोषण के लिए मुख्यमंत्री सुपोषण न्यूट्री किट योजना प्रारंभ की जा रही है।




जौहर स्मृति संस्थान श्रद्धांजलि कार्यक्रम

## शक्ति, भक्ति, त्याग और तपस्या की तपोभूमि है चित्तौड़गढ़ की धरतीः भजनलाल

### राणा सांगा का जीवन स्वतंत्रता, साहस और बलिदान का प्रतीक

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि वीर-वीरांगनाओं का बलिदान हमें सिखाता है कि स्वतंत्रता और सम्मान से बढ़कर कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि चित्तौड़गढ़ की धरती शक्ति, भक्ति, त्याग और तपस्या की तपोभूमि है। यहां कण-कण में वीरता की गाथाएं, पत्थर-पत्थर में इतिहास और कंकर-कंकर में बलिदान की प्रचंड आग धधक रही है। शर्मा ने मंगलवार को चित्तौड़गढ़ में जौहर स्मृति संस्थान की ओर से आयोजित श्रद्धांजलि समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज हम यहां केवल श्रद्धांजलि देने नहीं आए हैं, बल्कि शौर्य और त्याग की भावना को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लेने आए हैं। उन्होंने कहा कि चित्तौड़गढ़ दुर्ग राष्ट्रीय अस्मिता और सनातन संस्कृति का प्रतीक है। यह वह पवित्र भूमि है जहां क्षत्रिय वीर मर मिटने का अपना सौभाग्य मानते थे। मेवाड़ के राज्य चिन्ह में भी आदिवासी प्रतिनिधि का चित्र सामाजिक समरसता को दर्शाता है।

### राणा सांगा थे वीर योद्धा, मातृभूमि की रक्षा के लिए दी प्राणों की आहुति

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया मेवाड़ के वीरों से प्रेरणा लेती है लेकिन इस देश में कुछ ऐसे अराजक तत्व हैं जो अपने वीरों पर अंगुली उठाते हैं। वे भूल जाते हैं कि सूर्य को कलंकित नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि राणा सांगा एक ऐसे योद्धा थे जिन्होंने अपनी मातृभूमि और सनातन धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। राणा सांगा का जीवन स्वतंत्रता, साहस और बलिदान का प्रतीक है। उन्होंने न केवल मेवाड़ की रक्षा की, बल्कि समस्त भारतवर्ष की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अराजक तत्वों की ओर से दिए गए बयान न केवल राणा सांगा का अपमान है, बल्कि उन सभी योद्धाओं का अपमान है, जिन्होंने सनातन धर्म और इस धरती की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। ऐसे लोगों को अपनी मानसिकता के लिए पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए।

### ऐतिहासिक वैभव को संरक्षित करने का काम कर रही राज्य सरकार

शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश के ऐतिहासिक वैभव को संरक्षित करने का काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि चित्तौड़गढ़ संग्रहालय के उन्नयन के साथ महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट को भी धरातल पर उतारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि सीतामाता अभयारण्य, ऋषभदेव, गौतमेश्वर मंदिर, मातृ कुण्डिया सहित विभिन्न पर्यटक स्थलों को शामिल करते हुए 100 करोड़ रुपये व्यय कर ट्राइबल टूरिस्ट सर्किट विकसित किया जा रहा है। साथ ही, चित्तौड़गढ़ में संचालित लाईट एंड साउण्ड शो का उन्नयन, छतरंग मोरी -चित्तौड़गढ़ में रोपवे सुविधा देना, 7100 करोड़ रूपये की लागत से चित्तौड़गढ़ व भीलवाड़ा के बांधों को भरने सम्बन्धी कार्य किए जा रहे हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जौहर साका स्मारिका का विमोचन और प्रतिभाओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इससे पहले उन्होंने किले पर स्थित कालिका माता मंदिर में दर्शन भी किए। समारोह में उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम दक, महिला व बाल विकास राज्यमंत्री डॉ. मंजू बाघमार, विधायक श्रीचंद कृपलानी, सुरेंद्र सिंह राठौड़, चंद्रभान सिंह आक्या, अर्जुन जीनगर, शमहंत नारायण गिरी महाराज, जौहर स्मृति संस्थान अध्यक्ष रावत नरेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## कर दाताओं को राहत देने वाला वित्त विधेयक लोकसभा में पारित

जयपुर टाइम्स

नई दिल्ली(एजेंसी)। लोकसभा ने 35 सरकारी संशोधनों को शामिल करने के बाद वित्त विधेयक 2025 पारित कर दिया। इससे पहले, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त विधेयक 2025 को करदाताओं के लिए अभूतपूर्व कर राहत देने वाला बताया। लोकसभा में बोलते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि इस विधेयक के जरिए मध्यम वर्ग और व्यवसायों को राहत मिलने की उम्मीद है। इस दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में महत्वपूर्ण कर सुधारों का संकेत दिया। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय आर्थिक अनिश्चितता को दूर करने के लिए ऑनलाइन विज्ञापनों पर लगने वाला समानीकरण शुल्क समाप्त किया जाएगा। इसके साथ ही वित्त मंत्री ने बताया कि एक लाख करोड़ रुपये के राजस्व नुकसान के बावजूद 2025-26 में व्यक्तिगत आयकर संग्रह में 13.14% की वृद्धि का अनुमान यथार्थवादी है। सीतारमण ने यह भी कहा कि सीमा शुल्क में तर्कसंगत बदलाव से देश में विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा, निर्यात को गति मिलेगी और आम जनता को महंगाई से राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि नए आयकर विधेयक पर संसद के अगले मानसून सत्र में चर्चा होगी। लोकसभा में वित्त विधेयक 2025 पर चर्चा का जवाब देते हुए सीतारमण ने कहा कि नया आयकर विधेयक, जिसे 13 फरवरी को सदन में पेश किया गया था, वर्तमान में प्रवर समिति की ओर

## देश में एक साथ चुनाव होने पर युवाओं को मिलेंगे अधिक अवसरः बंसल

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। वन नेशन-वन इलेक्शन अभियान के तहत जयपुर आए भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने कहा कि देश में एक साथ चुनाव होने से राजनीति में युवाओं को ज्यादा मौके मिलेंगे। अभी कोई लोकसभा चुनाव में जीत जाता है तो अपने बेटे को विधानसभा चुनाव लड़ा देता है। अगर खुद लोकसभा




चुनाव हार गया तो फिर से विधानसभा चुनाव लड़ लेता है। एक फायदा व्यापारी वर्ग को भी होगा। उन्हें पांच साल में एक बार ही चंदा देना पड़ेगा।

सुनील बंसल मंगलवार को पंचायतीराज संस्थान में एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान को लेकर युवा, छात्र और नव मतदाता संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अगर एक बार चुनाव होगा तो कम से कम इन बातों से तो मुक्ति मिलेगी और नए लोगों को अवसर ज्यादा मिलेंगे। बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल और कार्यक्रम के संयोजक सुनील भार्गव ने वन नेशन-वन इलेक्शन अभियान के पोस्टर का विमोचन किया।

### व्यवस्था में बदलाव का विरोध हमेशा होता है

सुनील बंसल ने कहा कि व्यवस्था में बदलाव का विरोध हमेशा होता है। विरोध करने वाले लोग वही होते हैं, जिन्हें उस व्यवस्था से लाभ हो रहा होता है। कांग्रेस एक परिवारवादी पार्टी है। इन्हें लगता है कि इनके सारे नेता तो इसी तरह के है। इसलिए यह इनके लिए सबसे बड़ा खतरा होगा।

### व्यापारियों को एक बार चंदा देना पड़ेगा

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री ने कहा- वन नेशन-वन इलेक्शन लागू होने के बाद एक फायदा व्यापारी वर्ग को भी होगा। उन्हें पांच साल में एक बार ही चंदा देना पड़ेगा। अभी उन्हें पांच साल में पांच बार चंदा देना पड़ता है। हर चुनाव में सहयोग करना पड़ता है। उनके पास चुनाव लड़ने वाले भी जाते हैं, लोग भी जाते हैं। वन नेशन वन इलेक्शन के बाद हर बार चंदा देने का झंझट भी खत्म हो जाएगा।

### एक वोट डलवाने का 1400 रुपए खर्च

सुनील बंसल ने कहा कि आज देश चुनावी मोड में रहता है। इससे सरकारों की विकास की गति धीमी पड़ जाती है।



हुर्रियत में फूट मोदी के सपनों की जीत

## जम्मू-कश्मीर से अलगाववाद खत्मः शाह

जयपुर टाइम्स

जम्मू(एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर में हुर्रियत के दो गुटों जे एंड के पीपुल्स मूवमेंट और डेमोक्रेटिक पॉलिटिकल मूवमेंट ने अलगाववाद से नाता तोड़ लिया है। इस पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा कि मैं इसका स्वागत करता हूं। अमित शाह ने कहा कि कश्मीर में अलगाववाद इतिहास बन चुका है। मोदी सरकार की एकीकरण नीतियों ने जम्मू-कश्मीर से अलगाववाद को खत्म कर दिया है। हुर्रियत से जुड़े दो संगठनों ने अलगाववाद से सभी संबंध तोड़ने की घोषणा की है। मैं भारत की एकता को मजबूत करने की दिशा में इस कदम का स्वागत करता हूं और ऐसे सभी समूहों से आग्रह करता हूं कि वे आगे आएं और अलगाववाद को हमेशा के लिए खत्म कर दें। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह प्रधानमंत्री मोदी के विकसित, शांतिपूर्ण और एकीकृत भारत के निर्माण के सपने की बड़ी जीत है। कश्मीर में बह रही बदलाव की बयार के बीच सोमवार को एक और कट्टरपंथी अलगाववादी एडवोकेट मोहम्मद शफी रेशी ने हुर्रियत कॉन्फ्रेंस और डेमोक्रेटिक पॉलिटिकल मूवमेंट (डीपीएम) से नाता तोड़ने का एलान कर दिया था।

प्रधानमंत्री के संदेश को भाजपा करेगी मजबूत

## जश्न ए ईदः 32 लाख मुसलमानों को सौगात-ए-मोदी किट

जयपुर टाइम्स

नई दिल्ली(एजेंसी)। भाजपा अब मुसलमानों को साधने की पूरी तैयारी कर चुकी है। सरकारी योजनाओं में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की नीति का दावा करने वाली भाजपा अब संगठन के माध्यम से भी इस संदेश को मजबूत करना चाहती है।

समाज के सभी वर्गों में अपनी पहुंच बढ़ाने की रणनीति के तहत ही भाजपा ने अपने अल्पसंख्यक मोर्चा के सहारे 32 लाख अल्पसंख्यक परिवारों से सीधे जुड़ाव का प्रयास किया है। इसके लिए ईद, बैसाखी, गुड फ्राइडे और ईस्टर पर्व पर गरीब अल्पसंख्यक परिवारों तक %सौगात-ए-मोदी के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रेम-संदेश भाजपा की ओर से पहुंचाया जा रहा है।

### मुस्लिम वर्ग को साधने में लगी बीजेपी

भाजपा और मुस्लिम वर्ग के बीच असहज संबंधों की सियासी धारणा के बीच अल्पसंख्यक मोर्चा के माध्यम से भाजपा लगातार इस वर्ग से भी जुड़ाव के जतन करती दिखाई देती है। लोकसभा चुनाव के दौरान सूफी सम्मेलन भी इसी प्रयास में बताए जाते हैं। सरकार की ओर से यह दावा भी किया जाता है कि मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में कोई भेदभाव नहीं है। योजनाओं के लाभार्थी वर्ग में बड़ी हिस्सेदारी मुस्लिमों की है।

### त्योहारों पर अल्पसंख्यक से जुड़ाव की कोशिश

इसी क्रम में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने त्योहारों पर अल्पसंख्यक परिवारों से जुड़ाव मजबूत करने का कार्यक्रम शुरू किया है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने बताया कि 31 मार्च को ईद, 14 अप्रैल को बैसाखी, 18 अप्रैल को गुड फ्राइडे और 20 अप्रैल को ईस्टर का पर्व है। पार्टी ने तय किया है कि जिस तरह से परिवार के मुखिया त्योहारों पर अपने परिवार को तोहफा देते हैं, उसी तरह प्रधानमंत्री मोदी की ओर से इन त्योहारों पर गरीब अल्पसंख्यक परिवारों को तोहफे पहुंचाए जाएंगे, क्योंकि वे 140 करोड़ देशवासियों के मुखिया हैं।

### जरूरतमंद परिवारों को मिलेगी किट

उन्होंने बताया कि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के 32 हजार सक्रिय पदाधिकारी हैं। उन सभी को अल्पसंख्यक वर्गों से कुल 100-100 जरूरतमंद परिवारों को चिह्नित करने के लिए कहा है। ऐसे परिवारों को चिह्नित करने के लिए मोर्चा पदाधिकारी मस्जिद, गुरुद्वारा और गिरजाघरों में जा रहे हैं।

राजधानी जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
26 मार्च, 2025

## चैत्र नवरात्र पर श्री मथुराधीश मंदिर में होंगे अनेक धार्मिक आयोजन, त्रिपोलेश्वर शिव शक्ति सेवा समिति की बैठक में लिए अनेक निर्णय

जयपुर टाइम्स

अलवर(नि.सं.)। त्रिपोलश्वर शिव शक्ति सेवा समिति की मंगलवार को हुई बैठक में अनेक निर्णय किए गए। जिसमें आगामी तीस मार्च से शुरु हो रहे चैत्र नवरात्र पर अनेक कार्यक्रम किए जाने पर चर्चा की ओर निणय किए।

समिति अध्यक्ष महंत जितेंद्र खेड़ापति ने बताया कि समिति जो की सनातन के प्रचार प्रसार व हमारे वर्ष भर के त्योहारों को उत्सव के रूप में मनाए जाने का कार्य करती आ रही है ,जिसमें समिति की ओर से पूर्व में पांच दिवसीय भगवान पशुपतिनाथ महाशिवरात्रि महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया ओर आगामी चैत्र नवरात्र पर दुर्गा पूजा, रामनवमी महोत्सव को लेकर मंगलवार को आयोजित बैठक में चर्चा की गई। जिसमें निर्णय लेते हुए 30 मार्च को विक्रम संवत 2082 प्रथम नवरात्र पर सामूहिक रूप से दुर्गा पूजा प्रारंभ की जाएगी। यह आयोजन राजकीय आत्मनिर्भर मंदिर श्री मथुरा जी महाराज मंदिर में किया जाएगा। वहीं 5 अप्रैल तिथि सप्तमी को भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी जो प्रातः सवा 10 बजे खेड़ापति भवन से प्रारंभ होकर राजकीय आत्मनिर्भर श्रेणी मंदिर मथुरा धीश जी महाराज पहुंचेगी। वहां 6 अप्रैल तिथि अष्टमी को रामचरितमानस के पाठ प्रारंभ होंगे। साथ में 7 अप्रैल तिथि नवमी को पाठ समापन के पश्चात यज्ञ-हवन, कन्या पूजन, ब्राह्मण पूजा का कार्यक्रम किया जाएगा। इसके बाद भगवान श्रीराम जी का अभिषेक ओर रामलला की सुंदर झांकी के दर्शन कराए जाएंगे। सभी आयोजन श्री मथुराधीश मंदिर में होंगे।

## नगर विकास न्यास ठेकेदार संघ ने किया आगामी निर्माण कार्यों का बहिष्कार

जयपुर टाइम्स

अलवर(नि.सं.)। नगर विकास न्यास ठेकेदार संघ के शिष्ट मण्डल ने निर्माण कार्य एवं ठेकेदारों के भुगतान संबंधी समस्याओं को लेकर सचिव नगर विकास न्यास, अलवर से चर्चा करने पर अपनी हटधर्मिता का परिचय देते हुए शिष्ठमण्डल से अभद्र व्यवहार किया।

नगर विकास न्यास ठेकेदार संघ, अलवर के अध्यक्ष लोकेश धारवाल ने बताया कि न्यास सचिव के अभद्र व्यवहार के पश्चात न्यास ठेकेदार संघ ने एक मीटिंग आयोजित कर नगर विकास न्यास अलवर 21 मार्च को आहुत बैठक में न्यास में होने वाले आगामी निर्माण कार्यो की निविदाओं के बहिस्कार का निर्णय लिया। धारवाल ने बताया कि जब तक ठेकेदारों की समस्याओं का निवारण नहीं किया जाता तब तक न्यास के समस्त कार्यो का बहिष्कार लागू रहेगा। साथ ही संघ की चुनाव प्रक्रिया को आगामी एक माह में सम्पन्न कराये का भी निर्णय लिया।

## जिला स्तरीय बीमा समिति की बैठक का हुआ आयोजन

### बीमा क्लेम करने की प्रक्रिया को जन-जन तक पहुंचाएं -जिला कलेक्टर

जयपुर टाइम्स

खैरथल-तिजारा(नि.सं.)। जिला कलक्टर किशोर कुमार के अध्यक्षता में भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण द्वारा जिला स्तरीय बीमा समिति की बैठक जिला कलेक्ट्रेट, खैरथल-तिजारा में आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिला कलेक्टर ने बीमा योजनाओं के लाभ आमजन को बताकर इन योजनाओं से जोड़ने के निर्देश दिए साथ ही पिछली बैठक में दिए निर्देशों की पालना की समीक्षा की। उन्होंने स्कूलों में नो बेग-डे पर पर बीमा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चों को इसके प्रति जानकारी प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने उच्च शिक्षा कॉलेज में भी जागरूकता कार्यक्रम कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला बैंक अधिकारी को समस्त बैंकों में सरकार द्वारा चलाई जा रहे हैं विभिन्न बीमा योजनाओं के फ्लेक्स बैनर लगाने के निर्देश दिए तथा बैंक स्तर पर नियमित जागरूकता शिविर लगाए जाने की निर्देश दिए।

बैठक के दौरान चर्चा में बीमा क्लेम करने की जानकारी आमजन को ना पता होने के कारण लाभार्थी योजना में पंजीकृत होते हुए भी योजना का लाभ नहीं ले पाते जिस पर जिला कलेक्टर ने संबंधित सभी अधिकारियों को निर्देश दिए की बीमा क्लेम करने की प्रक्रिया को जन-जन तक पहुंचाने हेतु उचित प्रचार-प्रसार तथा बैंकों द्वारा सुलभ तरीके से



लाभार्थियों तक बीमा राशि पहुचाने हेतु कार्य योजना बनाकर आमजन को लाभान्वित करने के लिए कहा।

जिला कलेक्टर ने विभागों में कार्यरत आशा सहयोगिनी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहित विभिन्न संविदाकर्मी, ऑपरेटर को ग्रुप इंश्योरेंस के माध्यम से बीमा योजना से जोड़ने के निर्देश दिए ताकि सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का फायदा लाभार्थी को मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को विभिन्न कंपनियों में कार्यरत मजदूर को जागरुक कर इन योजनाओं से जोड़ने हेतु निर्देशित किया ताकि सबको बीमा अभियान की सफल क्रियान्वित हो सके।

बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, उप निदेशक राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग सुरभि कुमारी चौधरी, एलडीएम अनुपम नैंथानी, शाखा प्रबंधक एलआईसी, शाखा प्रबंधक बजाज एलयांज लाइफ इंश्योरेंस कंपनी सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



राजस्थान स्थापना दिवस

# जिला स्तरीय महिला सम्मेलन प्रताप ऑडिटोरियम में हुआ आयोजित



## वन मंत्री ने स्कूटी चाबी सौंपी तो बेटियों के खिले चेहरे

जयपुर टाइम्स

अलवर (नि.सं.)। राजस्थान स्थापना दिवस (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, 30 मार्च) के उपलक्ष्य में आयोजित सात दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला में मंगलवार को अलवर के प्रताप ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय महिला सम्मेलन आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बाडमेर के आदर्श स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन से वर्चुअली जुडकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विभिन्न योजनाओं में लाभार्थी महिलाओं एवं बालिकाओं के खाते में डीबीटी के माध्यम से राशि का हस्तांतरण किया। वहीं प्रदेश की 5 हजार मेधावी छात्राओं को कालीबाई भील योजना में स्कूटी वितरित व 5 हजार महिलाओं को इंडक्शन कुक टॉप का वितरण किया। इसके साथ ही स्वामी विवेकानन्द स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस योजना के तहत स्वीकृतियां जारी की। वन मंत्री संजय शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र व राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण की दिशा में निरन्तर कार्य कर रही है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण के साथ प्रदेश का चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार द्वारा महिलाओं को ओर अधिक मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से मां वाउचर योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना, सोलर दीदी योजना, बर्तन बैंक योजना जैसी अनेक योजनाएं संचालित कर सकारात्मक भाव से निरन्तर प्रदेश की महिलाओं को आगे बढाने का काम किया जा रहा है।

इस योजना की 5 बालिकाओं को प्रतिकात्मक चेक वितरित किए गए। 19 मेधावी बेटियों को स्कूटी प्रदान की गई, जिसमें कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना में 17 एवं देवनारायण छात्रा स्कूटी योजना के तहत 2 स्कूटी प्रदान की गई तथा 15 महिलाओं को इंडक्शन कुक टॉप का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में विधायक रामगढ़ सुखवंत सिंह, जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला, जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सालुखे गौरव रविंद्र, एडीएम शहर बीना महावर, नगर निगम आयुक्त जितेंद्र कुमार नरुका, एसडीएम अलवर यशार्थ शेखर, महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक रिषीराज सिंगल, सतीश यादव, पं. जलेसिंह, जितेन्द्र राठौड, लोचन यादव, राजेन्द्र सैनी सहित प्रबुद्ध व्यक्ति, जनप्रतिनिधिगण, संबंधित अधिकारी एवं बडी संख्या में महिला लाभार्थी उपस्थित रही।

## हिट एण्ड रन मामलों पर गठित जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक में सचिव ने दिए दिशा-निर्देश

जयपुर टाइम्स

अलवर(नि.सं.)। उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के आदेशों की पालना में एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अलवर द्वारा मंगलवार को हिट एण्ड रन (टक्कर मारकर भाग जाना) मामलों पर गठित जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अलवर सचिव मोहनलाल सोनी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक के दौरान मुकेश चौधरी, पुलिस उपाधीक्षक, यातायात अलवर, बीना महावर, अतिरिक्त जिला दुर्घटना योजना, 2022 की चर्चा की, जिसके तहत एण्ड रन दुर्घटना में मृत्यु पर 2,00,000/- रूपये या उससे अधिक मुआवजा व गंभीर चोट पर 50,000/- रूपये मुआवजा दिए जाने का प्रावधान है। सचिव सोनी ने पुलिस विभाग की तरफ से उपस्थित सभी समिति प्रतिनिधियों को हिट एण्ड रन दुर्घटना प्रकरणों में पीड़ित व्यक्ति को मुआवजा योजना व मुआवजा राशि की जानकारी देने के लिए सभी संबंधित पक्षकारों को पत्र प्रेषित करवाए जाने के बारें में निर्देश दिए।बैठक में प्रशासनिक अधिकारी कोटपूतली-बहरोड़ एवं खैरथल-तिजारा द्वारा अलग जिलों का गठन होने के बावजूद भी अभी



मजिस्ट्रेट, अलवर उपस्थित रहे। साथ ही सचिन शर्मा, वृत्ताधिकारी नीमराणा, अंकेश कुमार, उपनिरीक्षक (थानाधिकारी, ततारपुर), अतुल शाहू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, भिवाडी, नीरज मीणा, रीडर, उपखण्ड अधिकारी कोटपूतली वर्चुअल माध्यम से बैठक में सम्मिलित हुए। बैठक के दौरान राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर से प्राप्त निर्देशानुसार सचिव ने बताया कि हिट एण्ड रन प्रकरणों से संबधित टक्कर मारकर भागना मोटर यान तक हिट एण्ड रनके प्रकरणों में मुआवजा प्रदान करने वाली दावा निपटान समिति के गठन के संबंध में किसी प्रकार की कोई सूचना प्राधिकरण को प्रेषित नहीं किए जाने पर संज्ञान लेते हुए तुरंत रिपोर्ट भिजवाए जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके साथ ही उपस्थित पुलिस विभाग के अधिकारीगणों से मामले में अदम पता एफआर पेश हो जाने पर उसकी सूचना तुरंत दावा जांच अधिकारी को भिजवाए जाने हेतु निर्देशित किया गया।



## निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में 76 ओ.पी.डी. से हुए लाभान्वित व मोतियाबिन्द के 14 मरीजों का ऑपरेशन आज

जयपुर टाइम्स

अलवर(नि.सं.)। लायंस क्लब अलवर मत्स्य, अलवर जिला स्काउट एण्ड गाइड फेलोशिप, मित्तल हॉस्पिटल, आर.डी.एन.सी. मित्तल फाउंडेशन एवं जिला अन्धता निवारण समिति अलवर के संयुक्त तत्वावधान में युवराज प्रताप सिंह मेमोरियल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर में कुल 76 लोग लाभान्वित हुए तथा मोतियाबिंद (लेंस प्रत्यारोपण) के ऑपरेशन हेतु 14 लोगो का चयन किया गया। शिविर संयोजक एवं लायंस क्लब इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3233 ई 1 के रीजन 2 सांवरियाँ के रीजन चेयरपर्सन लायन गिरीश गुप्ता ने बताया कि यह शिविर हर माह अलवर के युवराज प्रताप सिंह मेमोरियल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में लगाया जाता है। जिसके चलते इस बार भी शिविर युवराज प्रताप सिंह मेमोरियल हो योपैथिक मेडिकल कॉलेज में लगाया गया। शिविर का उददेश्य शिवाजी पार्क, बुध बिहार, हसन खा मेवात एवं अन्य आस पास के क्षेत्र में बहुत से नेत्र रोगी है पर किसी ना किसी मजबूरी के चलते वो सामान्य चिकित्सालय में आकर नही दिखा पाते है अतः एक मीटिंग के अंतर्गत ये निर्णय लिया गया कि उस क्षेत्र में यह शिविर लगाया जाए। जहां कॉलेज की मैनेजिंग डायरेक्टर एमजेएफ लायन डॉ. मंजू अग्रवाल ने अपने संस्थान में कैम्प करने की हर माह की 25 तारीख को शिविर लगाने की सहमती दी। गुप्ता ने बताया कि मंगलवार को शिविर में पूर्व प्रमुख चिकित्सा अधिकारी एवं मित्तल हॉस्पिटल, अलवर के वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ लायन डॉ. महेश जैन एवं उनकी टीम पुष्पा बाई ने अपनी निःशुल्क सेवाएं प्रदान करते हुए आवश्यकतानुसार मरीजो को निःशुल्क दवा दी गयी।अलवर जिला स्काउट गाइड की सदस्य प्रमिला गुप्ता ने बताया कि मोतियाबिंद (लेंस प्रत्यारोपण) रोग से पीडित कुल 14 मरीजो के ऑपरेशन मित्तल हॉस्पिटल, सुभाष नगर अलवर में बुधवार 26 मार्च को किये जायेंगे। मरीज को रहने, खाने-पीने, लेंस, ऑपरेशन, चश्मा, दवा इत्यादि सभी सुविधाए पुर्णतः निःशुल्क प्रदान करायी जायेगी तथा अगले दिन मरीज को छुट्टी दे दी जायेगी। शिविर में लायंस क्लब से रीजन चेयरपर्सन लायन गिरीश गुप्ता, लायन डॉ. महेश जैन, लायन सत्यनारायण अग्रवाल, लायन अनिल बंसल, लायन महेश धानावत, लायन गोविन्द गोयल, लायन वी.के.अग्रवाल तथा अलवर जिला स्काउट एण्ड गाइड फेलोशिप से संयुक्त सचिव प्रमिला गुप्ता, पूर्व सचिव रामप्रकाश गुप्ता, युवराज प्रताप सिंह मेमोरियल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज से डॉ. अशोक पाठक सहित टीम ने बेहतरीन सहयोग प्रदान किया।

# जिला कलक्टर ने ली जलदाय विभाग की समीक्षा बैठक



जयपुर टाइम्स

अलवर(नि.सं.)। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में मिनी सचिवालय स्थित कलक्ट्रेट सभागार में ग्रीष्म ऋतु में पेयजल उपलब्धता की तैयारियों एवं जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने बैठक में जलदाय विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रीष्मकाल के दौरान समस्त अधिकारी तत्परता से कार्य करते हुए पेयजल संबंधित शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान करें। उन्होंने निर्देश दिये कि विधायक निधि के स्वीकृत 36 नए ट्यूबवेलों को अगले एक माह में चालू करावे तथा कंटीजेंसी फण्ड की स्वीकृति पश्चात कार्यों को धरातल पर लागू करने के लिए त्वरित कार्यवाही करना सुनिश्चित करे। उन्होंने जलदाय विभाग के सहायक अभियन्ताओं को निर्देश दिए कि अलवर शहर में कल से ही प्रातः पानी की सप्लाई के समय फील्ड विजिट एवं कार्यालय में प्रातः 11 बजे से 1 बजे तक नियमित जनसुनवाई करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश कि गंदे पानी संबंधी शिकायतों का निस्तारण 24 घंटे में आवश्यक रूप से करें, इसके अतिरिक्त अन्य प्रकार की शिकायतों का भी यथाशीघ्र समाधान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शहर में अभी तक अतिरिक्त 5 एमएलडी पानी की बढोतरी हुई, अतः जलदाय विभाग सार्थक प्रयास करते हुए इसमें ओर अधिक बढोतरी करने के लिए शेष कार्यों को यथाशीघ्र धरातल पर अमलीजामा पहनावे।

जिला कलक्टर ने जलदाय विभाग के पेजलय शिकायत समाधान प्रकोष्ठ में प्राप्त शिकायतों की प्रगति एवं समाधान की जानकारी लेकर परिवादों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान के निर्देश दिए तथा इसके अतिरिक्त 1 अप्रैल से कलक्ट्रेट में पेयजल समस्या संबंधी समाधान के लिए वार रूम प्रारंभ करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने पेयजल संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए अतुल्य अलवर की तर्ज पर विकसित किया जा रहे 'अलवर वाटर मॉनिटरिंग सिस्टम' पोर्टल की प्रगति की जानकारी लेकर जल्द पोर्टल को क्रियाशील करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने जेजेएम के तहत निरंतर प्रगति उच्च रखने के निर्देश दिए, ताकि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर पानी की कवरेज जल्द से जल्द सुनिश्चित हो सके।बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सालुखे गौरव रविंद्र, जलदाय विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियंता भवानी सिंह शेखावत, जलदाय विभाग अलवर सर्किल के अधीक्षण अभियंता रमेश चंद सैनी, जलदाय विभाग एनसीआर सर्किल के अधीक्षण अभियंता दिनेश कुमार वर्मा एवं विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता सुधीर पांडेय सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



## राजस्थान दिवस का महिला सम्मेलन से हुआ आगाज, जिला स्तरीय कार्यक्रम में महिलाओं में दिखा उत्साह

जयपुर टाइम्स

खैरथल-तिजारा(नि.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार किसान, युवा, महिला एवं गरीब के कल्याण एवं उत्थान एवं आमजन के लिए गुड गवर्नेस हेतु प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में राज्य राजस्थान दिवस (30 मार्च, 2025 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) वृहद् स्तर पर मनाएगा। प्रदेश का प्रत्येक नागरिक राजस्थान दिवस के कार्यक्रमों में उत्साह एवं उमंग के साथ भाग ले और राजस्थान को विकसित प्रदेश बनाने के लिए समर्पण एवं सेवा-भाव से कार्य करे इस हेतु राज्यभर में 31 मार्च तक सप्ताहभर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा में हुआ आयोजित

जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जिला सचिवालय खैरथल तिजारा के सभागार में जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही। कार्यक्रम में खैरथल-तिजारा जिला, बाड़मेर के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में वर्चुअली उपस्थित रहा।

### हर एक के कल्याण की प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है राज्य सरकार

जिला स्तरीय कार्यक्रम में काली बाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी वितरण योजना के तहत 6 लाभार्थियों को स्कूटी का सांकेतिक वितरण किया गया साथ ही पीएम सूर्य घर योजना के तहत 5 लाभार्थी महिलाओं को इंडेक्शन कुक टॉप का सांकेतिक वितरण किया गया तथा जिले में कुल 50 लाभार्थियों को इंडक्शन कुकटॉप वितरित किए जाएंगे।

### विभिन्न योजनाओं में महिलाएं हुई लाभान्वित

राज्य स्तरीय कार्यक्रम में महिला सम्मेलन में लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत 7.5 करोड़ रूपये की राशि की पहली किश्त का डीबीटी हस्तांतरण, महिला समूहों को लगभग 100 करोड़ रुपये की सी.आई.एफ. राशि का हस्तान्तरण, 3 हजार महिलाओं को इंडेक्शन कुक टॉप का वितरण, कालीबाई भील योजना के अन्तर्गत 5 हजार मेधावी छात्राओं को स्कूटी वितरण, गार्गी पुरस्कार, बालिका प्रोत्साहन एवं मुख्यमंत्री हमारी बेटियां योजना के अन्तर्गत 31 हजार 790 बालिकाओं को 13.16 करोड़ का डीबीटी, विवेकानन्द स्कॉलरशिप योजना के लाभान्वित मेधावी छात्राओ को स्वीकृति, 1.10 करोड़ महिला प्रमुख परिवार को 200 करोड़ रुपये की एल.पी.जी. सब्सिडी राशि का डीबीटी हस्तांतरण किया गया।

राजधानी जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
26 मार्च, 2025

## नगर निगम ग्रेटर सतर्कता शाखा की टीम द्वारा की गई कार्यवाही

**जयपुर टाइम्स**

जयपुर (का.सं.)। नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देशानुसार उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में मंगलवार को सतर्कता शाखा की टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अमित भारद्वाज पेट्रोल पम्प के पास व उपायुक्त झोटवाडा जोन के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुए गौतम मार्ग वैशाली नगर से आम्रपाली सर्किल तक सड़क के दोनों ओर एवं मानसरोवर मेट्रो स्टेशन के नीचे, विद्युत नगर चौराहा से अस्थाई अतिक्रमण को करने वालों के विरूद्ध 12 हजार 500 रूपये का कैरिंग चार्ज कर 04 केन्टर सामान जब्त किया गया।

उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार में अमित भारद्वाज पेट्रोल पम्प के पास व उपायुक्त झोटवाडा जोन के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुए गौतम मार्ग वैशाली नगर से आम्रपाली सर्किल तक सड़क के दोनों ओर एवं मानसरोवर मेट्रो स्टेशन के नीचे, विद्युत नगर चौराहा से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्यवाही के दौरान 04 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व मौके पर अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 12 हजार 500 रूपये का केरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाईश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने स्व. अरविंद सिंह मेवाड़ को अर्पित किए श्रद्धासुमन

**जयपुर टाइम्स**

जयपुर(का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार सुबह उदयपुर पहुंचे। उन्होंने सिटी पैलेस स्थित शंभु निवास पहुंचकर पूर्व राज परिवार के दिवंगत सदस्य स्व. अरविन्द सिंह मेवाड़ को श्रद्धासुमन अर्पित



किए।

शर्मा ने स्व. अरविंद सिंह मेवाड़ के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

इस दौरान जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, विधायक श्रीचंद कृपलानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण मौजूद रहे।

## तकनीकी नवाचार से मिलेगी नगरीय विकास को गति- खर्रा

**जयपुर टाइम्स**

जयपुर(का.सं.)। नगरीय विकास राज्यमंत्री(स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा ने सोमवार को एमएनआईटी में अभियंताओं की क्षमता संवर्धन के लिए आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने अभियंताओं से संवाद कर उनका मार्गदर्शन किया। खर्रा ने कहा कि व्यक्ति के जीवन में सीखने की कोई उम्र नहीं होती है, अभ्यास से ही वह अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर हो जाता है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में नगरीय विकास विभाग आधारभूत संरचनाओं के नये आयाम स्थापित कर रहा है ।

उन्होंने कहा कि इंजीनियर के रूप में आपका कार्य केवल इमारत बनाना ही नहीं है, बल्कि नगरीय विकास की प्रगति और समृद्धि की नींव को मजबूत करना भी है। आज के तेज़ी से बदलते समय में हमें कुछ नया और अलग सोचने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि तकनीकी नवाचारों से राजस्थान के नगरीय विकास को गति मिलेगी। हमे चाहिए की हम नवीन विचारों को अपनाएं और निर्माण के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों



और विधियों को सीखें। खर्रा ने कहा कि हमे परंपरा और आधुनिकता को जोड़ते हुए उत्कृष्टता की ओर बढ़ना है।

उल्लेखनीय है कि अभियंताओं को इस एक दिवसीय कार्यशाला में तकनीकी विषयों एवं निर्माण कार्यो से संबंधित विभिन्न तकनीकी नवाचारों का प्रशिक्षण दिया जायेगा। कार्यशाला में विभिन्न सत्र होंगे जिसमें वरिष्ठ अधिकारियों एवं विषय विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिया जायेगा। इस उद्घाटन सत्र में विधायक कुलदीप धनकड़ ,एमएनआईटी के निदेशक एन पी पाधी ,आवासन आयुक्त डॉ रश्मि शर्मा, मुख्य अभियंता यूडीएच अशोक , मुख्य अभियंता आवासन मण्डल अमित अग्रवाल, टीएस मीणा सहित अन्य अधिकारी, एमएनआईटी के प्रोफेसर एवं सभी प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे ।

## सतत विकास लक्ष्यः एक सामूहिक जिम्मेदारी' पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित, ग्रीन आईपीएल की हुई घोषणा

**जयपुर टाइम्स**

जयपुर(का.सं.)। राजस्थान वानिकी एवं वन्यजीव प्रशिक्षण संस्थान व कनोडिया महिला महाविद्यालय, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में सतत विकास लक्ष्य- एक सामूहिक जिम्मेदारी विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित हुई। मुख्य अतिथि संस्थान की निदेशक शैलजा देवल ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2030 तक 17 सतत विकास लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं, जिन्हें समय से पहले पूरा करने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा।इस दौरान युवा मामले एवं खेल विभाग के शासन सचिव डॉ. नीरज के. पवन ने ग्रीन आईपीएल की घोषणा की। उन्होंने कहा कि जयपुर में आईपीएल के मैचों में बने प्रत्येक रन के बराबर पौधे स्टेडियम परिसर में लगाए जाएंगे। साथ ही, प्रदेश में आने वाले सेलिब्रिटी ÷एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण करेंगे।

महाविद्यालय निदेशक डॉ. रश्मि चतुर्वेदी व प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में जनभागीदारी की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में नगर निगम पार्षद जितेंद्र श्रीमाली, शिक्षाविद, विषय विशेषज्ञ व विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# चिकित्सा मंत्री ने विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों की समीक्षा की, आगामी गर्मी में चिकित्सा संस्थानों में पुख्ता प्रबंधन के दिए निर्देश

**जयपुर टाइम्स**

जयपुर(का.सं.)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि आगामी गर्मी को देखते हुए प्रदेश के चिकित्सा संस्थानों में जांच, दवा एवं उपचार के पुख्ता प्रबंध किए जाएं। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सभी जिलों में गर्मी के दृष्टिगत समुचित व्यवस्थाएं हों। सब सेंटर से लेकर जिला अस्पताल तक एवं मेडिकल कॉलेजों से जुड़े अस्पतालों में दवाओं और उपचार की व्यवस्थाओं में कोई कमी नहीं रहे।

खींवसर मंगलवार को स्वास्थ्य भवन में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में विभागीय गतिविधियों, योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए समय रहते आवश्यक कदम उठाए जाएं। सभी अस्पतालों में वाटर कूलर, एसी, पंखे आदि की पर्याप्त उपलब्धता हो तथा आवश्यकतानुसार इनके मेंटीनेंस का कार्य जल्द करवाया जाए।

### जहां दुर्घटनाएं अधिक, वहां प्राथमिकता से उपलब्ध हों एम्बुलेंस

चिकित्सा मंत्री ने कहा कि दुर्घटना में होने वाली मौतें चिंता का विषय है। समय पर उपचार मिलने पर इन मौतों की संख्या को कम किया जा सकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि परिवहन एवं अन्य संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर अधिक दुर्घटना वाले स्थानों को चिन्हित करते हुए वहां एम्बुलेंस वाहनों की प्राथमिकता से उपलब्धता सुनिश्चित करें, ताकि घायलों को जल्द से जल्द उपचार मिल सके। उन्होंने डार्क जोन में आवश्यकतानुसार एम्बुलेंस उपलब्ध करवाने पर विशेष जोर दिया।

### मा योजना में इंटर स्टेट पोर्टेबिलिटी जल्द लागू करें

खींवसर ने कहा कि मा योजना गरीब एवं जरूरतमंद वर्गों के लिए जीवनदायी योजना है। इस योजना का दायरा सरकार लगातार बढ़ा रही है। विभागीय अधिकारी सुनिश्चित करें कि राजकीय अस्पतालों के साथ ही निजी अस्पतालों में योजना के तहत आमजन को सुगमता से उपचार मिले। उन्होंने योजना में इंटर स्टेट पोर्टेबिलिटी जल्द से जल्द लागू किए जाने एवं नए पैकेज भी शीघ्र शामिल करने के निर्देश दिए।

### अधिकारी नियमित रूप से करें फील्ड विजिट

चिकित्सा मंत्री ने कहा कि चिकित्सा संस्थानों में स्वास्थ्य सेवाओं के समय–समय पर निरीक्षण की दृष्टि से अधिकारी नियमित रूप से फील्ड विजिट करें। उन्होंने निर्देश दिए कि राज्य स्तर के साथ ही संभाग एवं जिला स्तर के अधिकारी नियमित रूप से फील्ड विजिट के लिए जाएं और चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण कर रिपोर्ट भिजवाएं, ताकि चिकित्सा सेवाओं को और सुदृढ़ करने के लिए जरूरी कदम उठाए जा सकें।

### गांव–गांव तक हो कैंसर स्क्रीनिंग

खींवसर ने कैंसर से होने वाली मौतों पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि गांव–कस्बों में जागरूकता के अभाव में समय पर स्क्रीनिंग नहीं होने से महिलाओं की ओरल, ब्रेस्ट एवं सर्वाइकल कैंसर से मौत हो जाती है। कैंसर से होने वाली मौतों पर प्रभावी रोकथाम के लिए विभाग स्क्रीनिंग का दायरा निरंतर बढ़ाए। मोबाइल कैंसर वैन एवं शिविरों के माध्यम से गांव–गांव तक कैंसर की स्क्रीनिंग की जाए। संभावित रोगियों की जांच कर उन्हें समय पर उपचार उपलब्ध करवाया जाए।

### बड़े अस्पतालों में जल्द लागू करें क्यू मैनेजमेंट सिस्टम

चिकित्सा मंत्री ने आमजन को अस्पतालों में कतारों से मुक्ति दिलाने के लिए पायटल प्रोजेक्ट के रूप में कांवटिया अस्पताल में शुरू किए गए क्यू मैनेजमेंट सिस्टम की सराहना करते हुए इसे अन्य बड़े अस्पतालों में भी जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को शुद्ध आहार उपलब्ध करवाने की दृष्टि से खाद्य सुरक्षा विभाग नियमित निरीक्षण करे और आमजन को मिलावट के संबंध में जागरूक भी करे।

### मानव संसाधन का आकलन कर भर्ती के लिए उठाएं जरूरी कदम

खींवसर ने कहा कि चिकित्सा संस्थानों में मानव संसाधन की कमी को दूर करने के लिए मिशन मोड में काम किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसंख्या एवं अन्य मापदण्डों के अनुसार चिकित्सा संस्थानों में मानव संसाधन का आकलन किया जाए और भर्ती के लिए जरूरी कदम उठाए जाएं। विशेष रूप से पिछड़े क्षेत्रों में रिक्त पदों को भरने के लिए प्रयास सुनिश्चित किए जाएं।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि भर्तियों को लेकर विभाग मिशन मोड में काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों का बेहतर क्रियान्वयन करते हुए प्रदेशभर में स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आगामी गर्मी के दृष्टिगत सभी जिलों को समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।बैठक में चिकित्सा शिक्षा विभाग के शासन सचिव अम्बरीष कुमार, मिशन निदेशक एनएचएम भारती दीक्षित, चिकित्सा शिक्षा आयुक्त इकबाल खान, राजस्थान स्टेट हैल्थ एश्योरेंस एजेंसी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती प्रियंका गोस्वामी, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शाहीन अली खान, निदेशक आईईसी टी शुभमंगला, निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश शर्मा, निदेशक आरसीएच डॉ. सुनीत सिंह राणावत, निदेशक अराजपत्रित राकेश शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## महिला सम्मेलन के साथ हुआ राजस्थान दिवस समारोह का भव्य आगाज

**जयपुर टाइम्स**

जयपुर(का.सं.)। मंगलवार को महिला सम्मेलन के साथ राजस्थान दिवस समारोह का भव्य आगाज हुआ। हरिश्चंद्र माथुर राजस्थान लोक प्रशासन अकादमी के भगवत सिंह महेता सभागार में जिला स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिला प्रमुख रमा देवी चोपड़ा ने कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।इस मौके पर उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश के विकास में आधी आबादी की पूरी भागीदारी है। लाडो प्रोत्साहन योजना, कालीबाई भील मेधावी छात्राओं को स्कूटी वितरण, गार्गी पुरस्कार, बालिका प्रोत्साहन एवं मुख्यमंत्री हमारी बेटियां योजना जैसी राजस्थान सरकार की योजनाएं महिलाओं के उत्थान में कारगर साबित हो रही है। राजस्थान दिवस समारोह की कड़ी में बुधवार को किसान सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।कार्यक्रम के दौरान बाड़मेर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में वीसी के माध्यम से भागीदारी सुनिश्चित की गई। राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने लाड़ो प्रोत्साहन योजना के तहत लगभग 7.50 करोड रुपये की राशि का डीबीटी हस्तांतरण, महिला समूहों को लगभग 100 करोड़ रुपये की सी.आई.एफ. राशि का हस्तान्तरण, 3 हजार महिलाओं को इंडेक्शन कुक टॉप का वितरण, कालीबाई भील योजना के अन्तर्गत 5 हजार मेधावी छात्राओं को स्कूटी वितरण, गार्गी पुरस्कार, बालिका प्रोत्साहन एवं मुख्यमंत्री हमारी बेटियां योजना के अन्तर्गत 31 हजार 790 बालिकाओं को 13.16 करोड़ का डीबीटी, विवेकानन्द स्कॉलरशिप योजना के लाभान्वित मेधावी छात्राओ को स्वीकृति, 1.10 करोड़ महिला प्रमुख परिवार को 200 करोड़ रुपये की एल.पी.जी. सब्सिडी राशि का डीबीटी हस्तांतरण किया।

साथ ही, अति कुपोषित बच्चों के लिए टेक होम राशन में दूध 15 ग्राम से 25 ग्राम देने हेतु दिशा-निर्देश, सोलर दीदी हेतु दिशा-निर्देश, 36 महिला महाविद्यालयों में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने हेतु पुस्तकालय उपलब्ध कराने के दिशा निर्देश, प्रथम चरण में 1000 ग्राम पंचायतों में बर्तन बैंक योजना के दिशा-निर्देश भी जारी किए। जिला स्तरीय कार्यक्रम में भी जिला प्रमुख रमा देवी चोपड़ा ने 20 मेधावी बालिकाओं को कालीबाई भील स्कूटी योजना के तहत स्कूटी की सौगात दी साथ ही 100 महिलाओं को इंडेक्शन कूकर टॉप का भी वितरण किया गया।

**सृजन कला प्रदर्शनी का भव्य उद्घाटन**

## राजस्थान के कलाकारों की उत्कृष्ट कृतियों का संगम, किसी भी प्रदेश की कला और संस्कृति वहां की कलाकृतियों में जीवंत- शासन सचिव पर्यटन

**जयपुर टाइम्स**

जयपुर(का.सं.)। राजस्थान पर्यटन दिवस उत्सव की श्रृंखला में राजस्थान पर्यटन विभाग एवं इंडियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स, राजस्थान चैप्टर द्वारा आयोजित सामूहिक कला प्रदर्शनी सृजन का मंगलवार को जवाहर कला केंद्र की अलंकार गैलरी में शुभारंभ हुआ।

पर्यटन विभाग के शासन सचिव रवि जैन ने मुख्य अतिथि के रूप में इस प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उनके साथ गुजरात स्थित रणछोड़दास मंदिर के मुख्य ट्रस्टी राजाराम जी, इंडियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स राजस्थान चैप्टर की अध्यक्ष श्रीमती जयश्री पेडीवाल एवं प्रदेश के ख्यातनाम कलाकारों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

इस अवसर पर रवि जैन ने प्रदर्शनी में शामिल कलाकृतियों को सराहा और कहा कि किसी भी प्रदेश की कला और संस्कृति वहां की कलाकृतियों में जीवंत होती है। उन्होंने कहा कि सृजन कला प्रदर्शनी में राजस्थान की समृद्ध कला, आध्यात्मिकता और परंपराओं की अनूठी झलक देखने को मिलेगी।

इंडियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स, राजस्थान चैप्टर की अध्यक्ष जयश्री पेडीवाल ने इस अवसर पर कहा कि पर्यटन विभाग और इंडियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स का यह संयुक्त प्रयास राजस्थान की कला-संस्कृति को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण कदम है। हम आगे भी ऐसे प्रयास करते रहेंगे, जिससे न केवल प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा बल्कि पर्यटन और शिक्षा के क्षेत्र में जागरूकता भी आएगी।



प्रदर्शनी 25 से 30 मार्च 2025 तक जवाहर कला केंद्र में आयोजित की जा रही है, जिसमें प्रदेश के ख्यातनाम कलाकारों की उत्कृष्ट कृतियां प्रदर्शित की गई हैं। प्रदर्शनी में वरिष्ठ कलाकार गोविंद रामदेव, रामू रामदेव, वीरेन्द्र बन्नू, कैलाश चंद्र शर्मा, के.के. शर्मा, संदीप गोमे, लक्ष्मीनारायण एवं नाथू लाल वर्मा आदि की कलाकृतियां प्रदर्शित की गई हैं। रामू रामदेव ने वैदिक संस्कृति को चित्रों के माध्यम से सजीव किया है। उनकी कृतियों में श्रीराम और भगवान विष्णु के संसार का चित्रण विशेष आकर्षण का केंद्र है। बेहतरीन चित्रकारी अद्भुत चित्रसंसार रचने वाले ख्याति प्राप्त चित्रकारों की इस प्रदर्शनी में रामू रामदेव सहित गोविंद रामदेव द्वारा मातृशक्ति के विभिन्न स्वरूपों की अद्भुत चित्रकारी प्रस्तुत की गई है।

सृजन कला प्रदर्शनी में कला प्रेमियों को ऐसे चित्र देखने को मिलेंगे जो भक्ति, परंपरा और आध्यात्मिकता के गहरे प्रभाव को प्रदर्शित करते हैं। यहां श्रीनाथजी की श्रृंगारिक छवियों से लेकर ध्यान और पवित्र प्रतीकों से सजी कलाकृतियां प्रदर्शित की गई हैं, जो दर्शकों को आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान करती हैं।

इस कला प्रदर्शनी के साथ ही राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में एक सप्ताह के विभिन्न सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी होगा।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार का महिला सशक्तिकरण की ओर बड़ा कदम

**जयपुर टाइम्स**

सवाई माधोपुर(नि.सं.)। । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों, युवाओं, महिलाओं एवं गरीबों सहित सर्वजन के कल्याण एवं उत्थान के लिए कार्य कर रही है। प्रदेशवासियों को गुड गवर्नेंस प्रदान करने के क्रम में राजस्थान दिवस (30 मार्च, 2025 चौत्र शुक्ल प्रतिपदा) वृहद् स्तर पर मनाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला स्तरीय महिला सम्मेलन जिला कलक्टर शुभम चौधरी के मुख्य आतिथ्य में रामसिंहपुरा स्थित राजीव गांधी क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय के ओडिटोरियम में आयोजित हुआ। जिसका राज्य स्तरीय समारोह आदर्श स्टेडियम बाडमेर में प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

### हर एक के कल्याण की प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है राज्य सरकार

इस दौरान कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला कलक्टर द्वारा काली बाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी वितरण योजना के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम में 10 लाभार्थियों रेखा गुर्जर, वैशाली सिंघल, कृतिका कुमावत, पलक जैन, मारिया खानम, कुमकुम वर्मा, रियान्शी जैन, मेघा जैन, संतोष मीना एवं मोनिका मीना को प्रतिकात्मक रूप से चाबियां सौंपकर जिले में कुल



100 स्कूटियों को वितरण किया गया। साथ ही ऊर्जा विभाग की ओर से विद्या शर्मा, कुसुम देवी, सुप्रिया मीना, दीपिका जांगिड़ एवं रामदुलारी को इंडेक्शन कुक टाप का वितरण भी किया गया।

### विभिन्न योजनाओं में महिलाएं हुई लाभान्वित

राज्य स्तरीय कार्यक्रम में महिला सम्मेलन में लाड़ो प्रोत्साहन योजना के तहत 7.5 करोड़ रूपये की राशि की पहली किश्त का डीबीटी हस्तांतरण, महिला समूहों को लगभग 100 करोड़ रुपये की सी.आई.एफ. राशि का हस्तान्तरण, 3 हजार महिलाओं को इंडेक्शन कुक टॉप का वितरण, कालीबाई भील योजना के अन्तर्गत 5 हजार मेधावी छात्राओं को स्कूटी वितरण, गार्गी पुरस्कार, बालिका प्रोत्साहन एवं मुख्यमंत्री हमारी बेटियां योजना के अन्तर्गत 31 हजार 790 बालिकाओं को 13.16 करोड़ का डीबीटी, विवेकानन्द स्कॉलरशिप योजना के लाभान्वित मेधावी छात्राओ को स्वीकृति, 1.10 करोड़ महिला प्रमुख परिवार को 200 करोड़ रुपये की एल.पी.जी. सब्सिडी राशि का डीबीटी हस्तांतरण किया गया।

साथ ही अति कुपोषित बच्चों के लिए टेक होम राशन में दूध 15 ग्राम से 25 ग्राम देने के दिशा निर्देश, सोलर दीदी हेतु दिशा-निर्देश, प्रथम चरण में 1000 ग्राम पंचायतों में बर्तन बैंक योजना के दिशा-निर्देश भी जारी किए गए।

### लाभार्थियों से किया संवाद

मुख्यमंत्री ने सिरोही जिले की सोनाली भाटी, शिखर जिले की मोनिका गुर्जर से संवाद कर योजना के तहत प्राप्त होने वाले लाभ की जानकारी ली।

इस उन्होंने लाभार्थियों से मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसी योजनाओं से महिलाओं को आर्थिक संबल प्रदान होगा।

सम्पादकीय



## सुरक्षाबलों की तैनाती के बाद भी नहीं रुक रही हिंसा

मणिपुर में जातीय संघर्ष को दो वर्ष होने आ रहे हैं, मगर अब भी वहां स्थिति में कोई सुधार नजर नहीं आ रहा। हालांकि सरकार बार-बार दावा करती है कि वहां स्थिति जल्दी ही सामान्य हो जाएगी, पर इसका कोई संकेत नहीं दिखता। रविवार को इंफाल पूर्वी जिले में फिर दो चरमपंथी गुटों में हिंसक झड़प हो गई, जिससे वातावरण तनावपूर्ण हो गया है। यह घटना ऐसे वक्त हुई जब वहां छह न्यायाधीशों की एक टीम स्थिति का आकलन करने पहुंची थी। उस टीम में गए मैतेई समुदाय से संबंधित, वहां के उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश का इस बात पर दर्द भी छलक उठा कि वे कुकी बहुल इलाके में नहीं जा सकते। शुरू में राज्य सरकार की शिथिलता और रहस्यमय चुप्पी के चलते वहां जातीय संघर्ष बढ़ता गया और आज हालत यह है कि राज्य का प्रशासन भी मैतेई और कुकी समुदायों में स्पष्ट रूप से विभाजित हो चुका है। कुकी बहुल इलाकों में मैतेई समुदाय के सुरक्षाकर्मी और अन्य कर्मचारी तैनात नहीं किए जाते। यही हाल मैतेई बहुल इलाकों का है। लंबे समय तक राज्य सरकार की शिथिलता बनी रही और केंद्र सरकार ने भी अपेक्षित पहल नहीं की, तब सर्वोच्च न्यायालय ने मणिपुर की स्थिति पर स्वत संज्ञान लेते हुए जांच और निगरानी समितियां गठित कर दी, पर उसे भी काफी वक्त बीत जाने का बावजूद कोई उल्लेखनीय नतीजा सामने नहीं आ सका है। आखिरकार एक नाटकीय घटनाक्रम में वहां के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने इस्तीफा दे दिया और उनकी जगह किसी को कमान सौंपने के बजाय राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया। तब माना गया कि केंद्र सरकार के हाथ में वहां की कमान आने के बाद कुछ कड़ाई होगी और चरमपंथी गुटों पर लगाम कसी जा सकेगी, जातीय संघर्ष कुछ थमेगा, पर वह उम्मीद भी धुंधलाने लगी है। मौका पाते ही दोनों समुदायों के चरमपंथी गुट रणनीति के तहत हिंसक हमले कर देते हैं। उन्होंने भारी मात्रा में आधुनिक हथियार और साजो-सामान जुटा रखे हैं। भौगोलिक रूप से मणिपुर की संरचना थोड़ी जटिल जरूर मानी जा सकती है, मगर चरमपंथी गुटों पर नजर रखना मुश्किल नहीं माना जा सकता। वहां बड़ी संख्या में सुरक्षाबल तैनात हैं, पर उन इलाकों में भी हिंसक घटनाएं नहीं रुक पा रहीं, जिनमें टकराव की सबसे अधिक आशंका मानते हुए सबसे अधिक सुरक्षाबल तैनात हैं। वहां के चुराचांदपुर और विष्णुपुर जिलों को इसलिए संवेदनशील माना गया और उन दोनों के बीच 'बफर जोन' बना कर बड़ी संख्या में सुरक्षाबल तैनात किए गए कि एक मैतेई बहुल है और दूसरा कुकी बहुल। फिर भी इन्हीं जिलों में अधिक चरमपंथी हमलों की घटनाएं होती हैं। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा कि मणिपुर में समस्याएं संवैधानिक तरीके से हल की जा सकती हैं और अगर बातचीत की जाए, तो समाधान तक पहुंचा जा सकता है। यहां कोई भी संघर्ष नहीं चाहता, हर कोई शांति चाहता है। न्यायाधीश गवई वहां गए न्यायाधीशों की टीम के अगुआ हैं। पता नहीं, उनकी इस बात को केंद्र सरकार कितनी गंभीरता से लेगी। यह बात शुरू से रेखांकित की जाती रही है कि अगर दोनों समुदायों से बातचीत की जाए और उनमें फैली गलतफहमियों को दूर कर लिया जाए, तो मणिपुर में शांति बहाली आसानी से हो सकती है। मगर कभी संजीदगी से बातचीत की पहल नहीं की गई। जो प्रयास हुए भी, वे महज कागजी थे।

# अंगदान बढ़ाने को एमपी का रास्ता अपनाना होगा

मध्य प्रदेश सरकार ने अंगदान करने वालों को सम्मानित करने के साथ उनके परिवार को आयुष्मान भारत योजना का लाभ देने जा रही है। इसमें अंगदान करने वाले के परिवार को प्रति वर्ष पांच लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज मिलेगा। जागरूकता बढ़ाने के लिए 18 लाख रुपये की डॉक्यूमेंट्री बनाई जा रही है। राज्य का स्टेट आर्गन एवं टिश्यू ट्रांसप्लांट पोर्टल भी तैयार हो रहा है। मध्य प्रदेश चिकित्सा विभाग के संचालक डॉ. एके श्रीवास्तव ने बताया कि शीघ्र ही इस संबंध में शासन स्तर पर निर्णय हो जाएगा। निश्चय ही यह निर्णय भारत की महर्षि दधिचि की देहदान की परम्परा को आगे बढ़ाएगा।मध्य प्रदेश सरकार का यह निर्णय लोगों को अंगदान के लिए प्रेरित करेगा।वैसे जो कार्य मध्य प्रदेश सरकार करने जा रही है, उसे प्रत्येक प्रदेश को लागू करना चाहिए।अच्छा हो कि ये केंद्र की ओर से लागू हो।इस कार्य के लिए जागरूकता अभियान भी चलाने की जरूरत है। इसके लिए लोगों को प्रेरित करने के साथ प्रोत्साहित भी करना होगा।




अशोक मधुप

भारत में प्रतिवर्ष पांच लाख से ज्यादा लोग वक्त पर अंग न मिलने से मौत का शिकार हो जाते हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार इनमें से दो लाख के आसपास लोगों की मौत लिवर नहीं मिलने की वजह से होती है।इन मरने वालो में अधिकतर वे लोग होतें हैं जो पैसा देकर अंग नही खरीद सकते। पैसे वाले तो मन मांगा मोल देकर अंग खरीद लेते हैं।इसी कारण मानव अंगों के अवैध कारोबार को बढ़ावा मिलता है।भारत में प्रतिवर्ष दस लाख व्यक्तियों में अंगदान करने वालों की संख्या 0.16 है। विकसित देशों जैसे अमेरिका, ब्रिटेन, नीदरलैंड और जर्मनी में यह संख्या 10 से 30 के मध्य है। हमारे देश में इस संख्या के कम होने के कारण हैं-सही जानकारी का अभाव, धार्मिक मान्यता, सांस्कृतिक भ्रांतियां और पूर्वाग्रह। कई देशों में अंगदान ऐच्छिक न होकर अनिवार्य है। भारत में ऐसा कर पाना संभव नहीं है, लेकिन जागरूकता पैदाकर इस संख्या को बढ़ाया जा सकता है।

लोगों में अंधविश्वास है कि यदि मृत व्यक्ति की आंखों को दान दिया जाता है तो उसे मरने के उपरांत स्वर्ग नहीं मिलता या अगले जन्म में वह आंख या उस अंग के बिना पैदा होगा, जबकि अंगों को शरीर से निकालने से परंपरागत अंत्येष्टि क्रिया या दफन क्रियाओं में कोई बाधा नहीं आती। इससे शरीर के रंग-रूप में भी कोई परिवर्तन नहीं होता।अपने अंगों को मृत प्राय रोगियों को बहुमूल्य उपहार के रूप में दान देकर अपनी मृत्यु को जीवन समान सार्थक बनाया जा सकता है।

एक मृत व्यक्ति के अंगदान से नौ लोगों को नया जीवन मिल सकता है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, राष्ट्रीय अंग प्रत्यारोपण प्रतीक्षा सूची में 1,04999 पुरुष, महिला और बच्चे आज भी इस इंतज़ार में हैं कि कोई अंगदान करेगा और वे अपना जीवन जी सकेंगे। , राष्ट्रीय अंग प्रत्यारोपण प्रतीक्षा सूची में अकेले किडनी के जरूरतमंद व्यक्ति ही 88551 है।भारत में प्रतिवर्ष लगभग डेढ़ लाख मौतें सड़क हादसों से होती हैं। वर्ष 2022 में ही 168491 मौत हुईं। इसका मतलब औसतन हर रोज सड़कों पर 1000 से ज्यादा दुर्घटनाएं होती हैं और 400 से ज्यादा लोग दम तोड़ देते हैं।



**लोगों में अंधविश्वास है कि यदि मृत व्यक्ति की आंखों को दान दिया जाता है तो उसे मरने के उपरांत स्वर्ग नहीं मिलता या अगले जन्म में वह आंख या उस अंग के बिना पैदा होगा, जबकि अंगों को शरीर से निकालने से परंपरागत अंत्येष्टि क्रिया या दफन क्रियाओं में कोई बाधा नहीं आती। इससे शरीर के रंग-रूप में भी कोई परिवर्तन नहीं होता।अपने अंगों को मृत प्राय रोगियों को बहुमूल्य उपहार के रूप में दान देकर अपनी मृत्यु को जीवन समान सार्थक बनाया जा सकता है। एक मृत व्यक्ति के अंगदान से नौ लोगों को नया जीवन मिल सकता है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, राष्ट्रीय अंग प्रत्यारोपण प्रतीक्षा सूची में 1,04999 पुरुष, महिला और बच्चे आज भी इस इंतज़ार में हैं कि कोई अंगदान करेगा और वे अपना जीवन जी सकेंगे। ,**

इनमें सबसे पहले मस्तिष्क पूरी तरह से कार्य करना बंद कर देता है, ऐसा शरीर अंगदान के लिए उपयुक्त होता है। फिर भी बमुश्किल दो -तीन प्रतिशत भाग्यशाली लोगों को नए अंग मिलते हैं।हृदय, फेफड़े, लिवर, किडनी, आंत, पैंक्रियाज ऐसे अंग हैं, जो मृत व्यक्ति के परिजनों द्वारा दान किए जा सकते हैं। आंख का कॉर्निया, हड्?डी, त्वचा, नस, मांसपेशियां, टेंडन, लिगामेंट, कार्टिलेज, हृदय वाल्व भी मृत्यु के बाद किसी अन्य व्यक्ति के काम आ सकते हैं। जीवित व्यक्ति एक पूरी किडनी व लिवर का कुछ हिस्सा दान में दे सकता है। शेष एक किडनी से दानदाता का जीवन व्यतीत हो सकता है । लिवर समय के साथ बढ़ जाता है और पुन अपनी पुरानी अवस्था में लौट आता है इसलिए दाता को किसी प्रकार की कोई दिक़्क़त नहीं होती है।

भारतीय संस्कृति विश्व की प्राचीन एवं महान संस्कृति है। दान, धर्म एवं उच्च संस्कार प्राचीन काल से ही हमारे समाज में वरिष्ठ स्थान रखते रहे हैं। महर्षि दधीचि ने दान की पराकाष्ठा का उदाहरण समाज के समक्ष रखा। वह भारतीय संस्कृति के प्रथम अंगदानी कहे जाते हैं। देवता और दानव में युद्ध चल रहा था !दानव देवताओं पर भारी पड़ रहे थे। देवताओं को समझ नहीं आ रहा था कि युद्ध में कैसे विजय पाई जाए। इसके लिए वे ब्रह्मा जी के पास गए। ब्रह्मा जी ने सुझाव दिया कि महर्षि दधीचि की अस्थियों से बने अस्त्र से दानवों को पराजित किया जा सकता है। देवता महर्षि दधीचि के पास गए। याचना की। महर्षि दधीचि द्वारा दी गई अस्थियों से बने वज्र से राक्षस ब्रजासुर का बद्ध हुआ। दानव पराजित हुए।

आर्यव्रत की हजारों साल पुरानी देहदान और अंगदान की इस परंपरा में आज भी लोगों की रुचि नहीं है। मुझे याद है कि लगभग 40 साल पहले उत्तर प्रदेश के बिजनौर के स्टेडियम में खेल प्रतियोगिता के दौरान भाला लगने से एक कर्मचारी घायल हो गया था। उसे खून की जरूरत थी।कहे जाने पर भी उसके परिवारजनों ने खून नहीं दिया था। उसकी मदद के लिए स्टेडियम के खिलाड़ी आगे आये। उनके रक्त देने से कर्मचारी की जान बची।अच्छा यह है कि अब रक्तदान के प्रति तो लोगों में जागरूकता बढ़ी है, किंतु अंगदान के प्रति अभी चेतना नही है।अंगदान के प्रेरित करने वाले चिकित्सकों की भी कमी है।यदि बड़े और सरकारी अस्पताल के चिकित्सक मृतक के परिजनों को अंगदान के लिए प्रेरित करने लगे तो बड़ा काम हो सकता है। हालांकि हेल्थ प्रोफेश्नल आमतौर पर अंगदान के विषय पर मृतक के परिजनों से बात करने में अटपटा महसूस करते हैं। नई दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में लिवर ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ समीरन नंदी ने डीडब्लू को बताया, "डॉक्टर मृतक के अंगों को दान देने के बारे में पूछने से कतराते हैं. कोई इस बारे में प्रोत्साहन भी नहीं है और बदले की कार्रवाई का डर भी रहता है।"एक बात ओर अंगदान करने के इच्छुक लोग बढ़ भी जाएं तो सभी अस्पतालों में अंग प्रत्यारोपण से जुड़ी तमाम प्रक्रियाओं के लिए जरूरी साजो सामान या उपकरण मौजूद नहीं हैं। भारत में सिर्फ 250 अस्पताल ही नेशनल ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गनाइजेशन (नोटो) से पंजीकृत हैं। ये संगठन देश के अंग प्रत्यारोपण कार्यक्रम का समन्वय करता है।यानी देश में प्रत्येक 43 लाख नागरिकों के लिए, तमाम सुविधाओं और उपकरणों वाला सिर्फ एक अस्पताल है. भारत के देहाती इलाकों में तो ट्रांसप्लांट सेंटर कमोबेश हैं भी नहीं। अंगदान की प्रक्रिया बहुत लाभकर है पर जिस तेजी से बढ़नी चाहिए, उस तेजी से नहीं अंगदान के नाम पर आंख देना ही शुरू हुआ है।यह भी न के बराबर।जबकि मानव कल्याण के लिये अंगदान का प्रचार प्रसार बहुत जरूरी है।रक्तदान में जरूर तेजी आई है। प्रत्येक वर्ष तीन अगस्त को अंगदान दिवस मनाया जाता है।एक दिवस में इस महत्वपूर्ण कार्य की इतिश्री कर दी जाती है।जबकि प्रत्येक पल अंगदान के लिए प्रेरित करने की जरूरत है। अंगदान के लिए जनजागरण की जरूरत है। स्कूली शिक्षा से छात्रों में जनजागरण के लिए जागरूकता विकसित की जानी चाहिए। अन्य अभियानों की तरह अंगदान के लिए भी अभियान चलाने की जरूरत है।इसके लिए विभिन्न धर्मगुरूओं से संपर्क कर उनसे अनुरोध किया जाए कि वह अंगदान के लिए अपने समर्थकों को प्रेरित करें।

ये लेखक के निजी विचार हैं

# आत्मा को शांति देता भजन संगीत का भविष्य बहुत उज्ज्वल हैः अनूप जलोटा

अशोक कुमार निर्भय

नई दिल्ली। सुप्रसिद्ध संगीतकार, पार्श्व एवं भजन सम्राट अनूप जलोटा भारतीय संगीत जगत का एक प्रतिष्ठित नाम हैं। भजन गायकी में उनकी अद्वितीय शैली ने उन्हें अपार प्रसिद्धि दिलाई है। उनके सुरीले स्वरों में गाए गए भजनों ने न केवल भारत बल्कि विदेशों में भी लोगों के हृदय में गहरी छाप छोड़ी है। उनके पिता, पुरूषोत्तम दास जलोटा, स्वयं एक प्रसिद्ध भजन गायक थे, जिनसे अनूप जलोटा ने संगीत की प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की।

अनूप जलोटा की गायकी सरल, भावपूर्ण और आत्मीयता से भरपूर होती है, जो सीधे श्रोताओं के मन को छूती है। 'ऐसी लागी लगन', 'जग में सुंदर हैं दो नाम' जैसे उनके भजन कालजयी बन चुके हैं। संगीत के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए उन्हें अनेक पुरस्कारों और सम्मानों से नवाजा गया है। उनके ज्ञान और साधना का प्रभाव हर प्रस्तुति में स्पष्ट झलकता है, जिससे वे संगीत प्रेमियों के बीच सदैव लोकप्रिय बने रहते हैं। दिल्ली के मायापुरी में आयोजित एक कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध संगीतकार, पार्श्व एवं भजन सम्राट अनूप जलोटा से विशेष साक्षात्कार वरिष्ठ पत्रकार एवं समीक्षक,लेखक अशोक कुमार निर्भय द्वारा लिया गया इस विशेष इंटरव्यू के कुछ महत्वपूर्ण अंश-

प्रश्न अनूप जी, सबसे पहले आपका बहुत-बहुत स्वागत है। आप भजन सम्राट के नाम से विख्यात हैं। संगीत की इस यात्रा की शुरुआत कैसे हुई ?

उत्तर धन्यवाद! मेरे संगीत सफर की शुरुआत बचपन में ही हो गई थी। मेरे पिता पुरूषोत्तम दास जलोटा स्वयं एक प्रसिद्ध भजन गायक थे, और मैंने उन्हीं से संगीत की प्राथमिक शिक्षा प्राप्त की। धीरे-धीरे मैंने इसे गहराई से समझना शुरू किया और मंच पर प्रस्तुतियां देने लगा।

प्रश्न आपने पारंपरिक भजनों के साथ-साथ अन्य संगीत शैलियों में भी काम किया है। क्या यह चुनौतीपूर्ण था ?

त्तर हाँ, बिल्कुल! भजन गाना मेरी आत्मा का हिस्सा है, लेकिन संगीत की विभिन्न शैलियों को अपनाने से मेरे कौशल का विस्तार हुआ। मैंने फिल्मों में भी गाने गाए हैं और ग़ज़ल, सुगम संगीत और फ्यूज़न पर भी काम किया है। यह यात्रा बहुत रोचक रही।

प्रश्न आपकी भजनों की गायकी का अंदाज़ काफी अलग और प्रभावशाली है। इसकी क्या खासियत है ?



उत्तर मेरी शैली की खासियत सरलता और भावनात्मक गहराई है। मैं भजन को ऐसे गाने की कोशिश करता हूँ कि वह सीधे श्रोताओं के हृदय में उतर जाए। सही राग और भावनात्मक अभिव्यक्ति इसे प्रभावशाली बनाते हैं।

प्रश्न क्या आपको लगता है कि भजन गायकी का भविष्य उज्ज्वल है ?

उत्तर बिल्कुल ! भजन संगीत का भविष्य बहुत उज्ज्वल है क्योंकि यह आत्मा को शांति देता है। डिजिटल प्लेटफार्म और सोशल मीडिया की वजह से अब यह और अधिक लोगों तक पहुँच रहा है। नई पीढ़ी भी इसे अपनाने में रुचि दिखा रही है।

प्रश्न संगीत जगत में इतने वर्षों के अनुभव के बाद, क्या कोई ऐसा क्षण है जिसे आप अपने करियर का सबसे यादगार पल मानते हैं ?

उत्तर मेरे जीवन में कई यादगार क्षण हैं, लेकिन जब मुझे भजन सम्राट की उपाधि मिली, वह मेरे लिए बेहद खास था। इसके अलावा, जब मैंने बड़े-बड़े मंचों पर परफॉर्म किया और लाखों लोगों ने मुझे सराहा, तो वह भी मेरे लिए अविस्मरणीय क्षण थे।

प्रश्न आपने कई प्रसिद्ध भजनों को अपनी आवाज़ दी है। कौन सा भजन आपको सबसे अधिक प्रिय है ?

उत्तर यह बहुत कठिन सवाल है, क्योंकि हर भजन मेरी आत्मा के करीब है। फिर भी, 'ऐसी लागी लगन, मीरा हो गई मगन' और 'जग में सुंदर हैं दो नाम' मेरे पसंदीदा भजनों में से हैं।

प्रश्न संगीत की दुनिया में आने वाले नए कलाकारों को आप क्या संदेश देना चाहेंगे ?

उत्तर मैं उन्हें यही कहना चाहूँगा कि संगीत को सिर्फ व्यवसाय के रूप में न देखें, बल्कि इसे आत्मा से जोड़ें। मेहनत, समर्पण और अनुशासन सफलता की कुंजी हैं। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि संगीत को पूरी श्रद्धा और प्रेम से अपनाएँ।

प्रश्न आपका नया प्रोजेक्ट क्या है ? क्या श्रोताओं को कुछ नया सुनने को मिलेगा ?

उत्तर जी हाँ, मैं हमेशा कुछ नया करने की कोशिश करता हूँ। फिलहाल मैं कुछ नए भजन और ग़ज़लों पर काम कर रहा हूँ, जिन्हें आधुनिक संगीत के साथ प्रस्तुत किया जाएगा ताकि युवा पीढ़ी भी इसे पसंद करे।

प्रश्न आदरणीय अनूप जी, इस खूबसूरत बातचीत के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

उत्तर आपका भी धन्यवाद अशोक जी ! मेरे जितने भी संगीत प्रेमियों हैं उनके लिए लिए मेरा बहुत - बहुत आभार और हृदय की अनंत गहराइयों से शुभकामनाएँ।

# ' नायाब ' कार्रवाई से मिटेगी संगीत की गंदगी

सुर्खियों में रहने वाला हरियाणा इस बार अलग तरह से चर्चा में है। बाते चाहे किसी भी तरह के आंदोलन की हो या राजनीतिक उठापटक की। हरियाणा का अपना अलग स्वैग है। जो और करे, वो हम न करे। जो और न करे, वो सबसे पहले हम करे। सप्ताह दो सप्ताह में यदि चर्चा का विषय न बने तो हरियाणा और हरियाणवीं होने का क्या फायदा? इस बार यू ट्यूब पर बिखरी पड़ी संगीत की गंदगी की सफाई की शुरुआत हरियाणा ने की है। गन कल्चर से जुड़े कुछ गानों को डिलीट करने से मामला संगीत उद्योग में गर्माया जरूर है पर निष्पक्षता बरती गई तो इसमें भी हरियाणा एक नया उदाहरण बनेगा।



सुशील कुमार नवीन'

हरियाणा अपने आप में विशेष है। काम कोई भी हो, उसे सबसे पहले करने का काम यह करता है। वैट सबसे पहले यहां लागू हुआ, बेटी बचाओ अभियान सबसे पहले यहां शुरू हुआ। केंद्र की प्रत्येक योजना को लागू करने में तो हरियाणा सरकार अग्रणी की भूमिका में रहती ही है। चाहे बात अन्तोदय की हो या फिर आयुष्मान भारत की हो। या शिक्षा में त्रिभाषा फार्मूला लागू करना हो। झंडा उठाने में सबसे पहले हरियाणा है। ओलम्पिक मेडल में हरियाणा बिना कुछ नहीं, राजनीति में पकड़ सबसे ज्यादा, जिंदाबाद-मुर्दाबाद तो चाहे रात के 12 बजे करवा लो। सिर पर मंडासा मारकर तैयार मिलेंगे। फिल्मों, नाटकों में हरियाणवीं कलाकार या प्रसंगों की भरमार है। गीत-संगीत के तो क्या कहने। पंजाब, दिल्ली, यूपी, बिहार, झारखंड, मध्यप्रदेश,गुजरात से लेकर समूचे भारत वर्ष के साथ विदेशों में भी डीजे पर इनकी ही धमक है। हट ज्या ताऊ पाछे नै.. से एक नए कलेवर में आया हरियाणा संगीत आज गजबन, बावन गज का दामन, सॉलिड बॉडी, बालम थानेदार, नंगड़ से होता हुआ निक्कर आली, इगो किलर, डेथ रो, दारू का स्टाल, दारू बदनाम, लाश नहर में, रोला,गोली हेड में, खलनायक, टेडी बीयर का शौक नहीं, गिफ्ट में गन दे दे, बता किसकी फिल्डिंग लानी है, तेरा यार जमानत पर आया, एके 47 धरे संदूकां पे, सूटर ते बन गया तेरा यार माफिया, तन्न गिफ्ट में दूंगा 12 बोर की, तू क्यूकर बनगा दो नंबरी, तन्न ढूंढे पुलिस आले, एक खटोला जेल के भीतर, ट्यूशन बदमाशी, किसने सिखाई बदमाशी करनी, पीलिये में मामा पिस्तौल दे गया था, मैं जिस दिन जमानत पर बाहर आऊंगा, पिस्तौल से महंगा तेरा लहंगा लाऊंगा, जेल में पार्टी, 12 गोली, कोर्ट में गोली आदि तक पहुंच चुका है।

'देसा म्ह देस हरियाणा, जित दूध दही का खाणा' से विश्वभर में सम्मान प्राप्त हरियाणा में इस तरह के संगीत पिछले 10 से 15 वर्ष में ज्यादा बना है। पड़ोसी राज्य पंजाब में तो शुरू से ही गन कल्चर का चलन रहा है। मित्रां नूं शौक हथियारां दा..खूब चला था। सिद्धू मूसेवाला के कई गीत भी काफी चर्चा में रहे। पड़ोसी गायकों की संगति ने हरियाणा में भी असर दिखाया। हरियाणवी गायक और गीतकार भी इसी ट्रेंड पर एक बार ऐसा चलना शुरू हुए कि अब रुकने का ही नहीं नाम ले रहे। बात गानों तक ही सीमित रहे तो भी ठीक, पर यहां तो गानों के माध्यम से एक दूसरे को जवाब देने का नया ट्रेंड ऐसा चला है कि शब्दों की मर्यादा और गरिमा खूंटी टांग दी गई है। थोड़ा सा ध्यान करें तो दर्जनों ऐसे हरियाणी गाने बनाए गए हैं, जिनमें हथियारों और बदमाशों को महिमामंडित किया गया है। प्रदेश का युवा वर्ग भी इन गानों को खूब पसंद कर रहा है। शादी हो या जलवा पूजन या कोई और समारोह इन गानों के बिना महफिल सजती ही नहीं है।

दो महीने पहले मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बैठक ली थी, जिसमें यह बात सामने आई कि हरियाणा में इस तरह के गाने लगातार बढ़ रहे हैं, जो गन कल्चर और गुंडागर्दी को को बढ़ावा देने वाले हैं। इससे युवा गन कल्चर की ओर आकर्षित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री से मिले फ्री हैंड के बाद पुलिस ने इस तरह के गानों को सोशल साइट्स पर अपलोड करने वालों के खिलाफ सख्ती वढ़ा दी। खासकार पुलिस ने उन गानों पर विशेष नजर बनाई है। 10 गाने सोशल साइट्स से डिलीट करवाये जा चुके है। देर से ही सही। लोक संस्कृति के नाम पर बदमाशी और गन कल्चर को बढ़ावा देने वाले गानों पर हरियाणा की नायाब सरकार ने कार्रवाई शुरू कर दिया है। कुछ बड़े और चर्चित गानों को यू ट्यूब से डिलीट होने से गायक कलाकारों ने विरोध भी जताया है। उनका मानना है कि जानबूझकर कुछ गानों को निशाना बनाया गया है। इस पर सोशल मीडिया पर अलग ही रार चली हुई है। जिस गायक के गाने ज्यादा डिलीट हुए है, उसका दर्द भी नई कहानी कह रहा है। उसके अनुसार उसे ही जानबूझकर निशाना बनाया गया है, जो गलत है। गंदगी साफ ही करनी है तो जड़ से साफ करें, न कि फॉर्मेलिटी से। सरकार को इस पर विचार अवश्य करना चाहिए। नैषधीयचरितम् की एक प्रसिद्ध उक्ति है - आर्जवं हि कुटिलेषु न नीतिः अर्थात् कुटिल जनों के प्रति सरलता नीति नहीं होती। तो मुख्यमंत्री जी दिखाएं नायाब सख्ती।

# गंदगी पाये जाने एवं लाईसेंस उपविधियों की पालना नहीं किये जाने पर सांगानेर एवं मालवीय नगर जोन में प्रतिष्ठानों को किया बंद

**जयपुर टाइम्स**

जयपुर (नि.सं.)। नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देशानुसार मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रश्मि कांकरिया के नेतृत्व में मंगलवार को संयुक्त टीम द्वारा कार्यवाही की गई। डॉ. रश्मि कांकरिया ने बताया कि सांगानेर जोन में संचालित रेस्टोरेन्ट को बार-बार नोटिस दिये जाने के उपरांत भी लाईसेंस का नवीनीकरण नहीं करवाये जाने तथा लाईसेंस उपविधियों की पालना नहीं किये जाने पर प्रतिष्ठानों को बंद किया गया। जिसके अंतर्गत

1. ARN HOTELS & RESORT, PLOT NO ®v, HOTEL EVERLAND WISH, GIRDHAR MARG, MALVIYA NAGAR, JAIPUR, WARD NO 125
2. BISTRO z| UNIT OF NANCY FOOD, WORLD TRADE PARK, JLN ROAD,
3. BLUE BIRD HOTEL AND RESTAURANT, 349, FASHION STREET, RAJA PARK, JAIPUR, WARD NO 150, SAMRAT HOTEL AND RESTAURANT , 12-E, GAYATRI COLONY, SANGANER, TONK ROAD, JAIPUR, WARD NO 100
4. DHARAM RAJ CANTEEN, SANTOKBA DURLABHJI, SANTOKBA DURLABHJI MEMORIAL HOSPITAL (SDMH), NEAR BHAWANI SINGH RD, RAMBAGH, JAIPUR, RAJASTHAN, NEAR BHAWANI SINGH RD, RAMBAGH, JAIPUR, RAJASTHAN, WARD NO 123
5. PINKCITY HOSPITALITY SERVICES, ~/C/v, MALVIYA NAGAR, NEAR AMIT BHARADWAJ PATROL PUMP, WARD NO 130
6. QUEENS HUB PVT. LTD., 39, HALDIYA HEIGHTS, GIRDHAR MARG, MALVIYA NAGAR को नियमानुसार 30 दिवस या आर.एम.ए लाईसेंस (अनुज्ञा पत्र) नवीनीकरण करवाये जाने तक (जो भी पहले हो) के लिए बंद किया गया है। मौके पर बंद किये गये प्रतिष्ठानों में बहुत गंदगी भी पाई गई है।




मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रश्मि कांकरिया ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर जयपुर सीमा क्षेत्र में संचालित प्रतिष्ठान जैसे होटल, रेस्टोरेंट, कैफे, केंटिन, मिठाई की दुकान, बैकरी, कन्फेक्सनरी, नमकीन के कारखाने व मिठाई के कारखाने, आईसक्रिम व आईसक्रिम फैक्ट्री इत्यादि का संचालन आर.एम.ए ट्रेड लाईन्सेंस प्राप्त करके ही किया जावें अन्यथा नियमानुसार विभाग द्वारा कार्यवाही की जावेगीं जिसकी जिम्मेदारी संचालनकर्ता की स्वयं की होगी।

# बैंक ऑफ इंडिया ने रक्षक सैलरी पैकेज के लिए भारतीय वायु सेना के साथ समझौता किया

**जयपुर टाइम्स**

मुंबई(नि.सं.)। देश में सार्वजनिक क्षेत्र के प्रमुख बैंकों में से एक, बैंक ऑफ इंडिया ने भारतीय वायु सेना के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत वायु सेना के कर्मियों, पूर्व सैनिकों और अग्निपथ योजना के तहत भर्ती हुए अग्निवीरों को बीओआई रक्षक सैलरी पैकेज की सुविधा दी जाएगी।

इस समझौते में विशेष लाभ शामिल हैं, जैसे उन्नत व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवर , डेबिट और क्रेडिट कार्ड पर आकर्षक ऑफर और कई अन्य सुविधाएँ।

समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान समारोह 20 मार्च 2025 को नई दिल्ली स्थित वायु सेना मुख्यालय में आयोजित किया गया। इस समारोह की अध्यक्षता भारतीय वायु सेना के एयर वाइस मार्शल उपदेश शर्मा, वीएसएम, एसीएएस (अकाउंट्स एवं एवी) ने की। इस अवसर पर बैंक ऑफ इंडिया के चीफ जनरल मैनेजर शारदा भूषण राय और दोनों संगठनों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।एयर वाइस मार्शल उपदेश शर्मा ने बैंक ऑफ इंडिया द्वारा भारतीय वायु सेना के सभी कर्मियों और पूर्व सैनिकों को वित्तीय सेवाओं की यह सुविधा प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि आईएएफ इस संबंध को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।



इस अवसर पर बैंक ऑफ इंडिया के चीफ जनरल मैनेजर शारदा भूषण राय ने कहा, हम भारतीय वायु सेना से जुड़कर गर्व महसूस कर रहे हैं और हमें खुशी है कि हम अपने रक्षक सैलरी पैकेज के लाभ प्रदान कर सकते हैं।

बैंक ऑफ इंडिया अपने अत्याधुनिक डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ बेहतरीन बैंकिंग उत्पाद और ग्राहक सेवा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

बैंक ऑफ इंडिया की ओर से उन्होंने भारतीय वायु सेना के प्रति आभार व्यक्त किया। यह पहली बार है कि बैंक ऑफ इंडिया ने भारतीय वायु सेना के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

बीओआई रक्षक सैलरी स्कीम विशेष रूप से रक्षा बलों, अर्धसैनिक बलों और राज्य पुलिस के कर्मियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है। यह योजना 100 लाख रुपये तक का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवर, 200 लाख रुपये तक का हवाई दुर्घटना कवर और कई अन्य लाभ प्रदान करती है।

# टीसीएस कोडवीटा 2025 में 'विश्व के सर्वश्रेष्ठ कोडर' का खिताब जीता 24 वर्षीय ताइवानी छात्र ने

**जयपुर टाइम्स**

चेन्नई(नि.सं.)। वैश्विक स्तर पर आईटी सेवा, परामर्श और व्यावसायिक समाधान क्षेत्र की अग्रणी कंपनी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) (बीएसईः 532540, एनएसईः टीसीएस) ने चेन्नई स्थित टीसीएस सिरुसेरी परिसर में आयोजित एक भव्य समारोह में अपनी वैश्विक कोडिंग प्रतियोगिता, कोडवीटा के विजेताओं की घोषणा की। ताइवान के 24 वर्षीय जेफरी हो ने इस प्रतियोगिता में विजेता का खिताब जीता। यह प्रतियोगिता दुनिया की सबसे बड़ी कंप्यूटर प्रोग्रामिंग प्रतियोगिता के रूप में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्डटीएम में दर्ज है। यूनाइटेड बाय कोड थीम पर आधारित, कोडवीटा के इस सीज़न में प्रोग्रामिंग के सबसे प्रतिभाशाली लोग एक मंच पर आए, जिससे कोडिंग उत्कृष्टता का दायरा बढ़ा। इस प्रतियोगिता के 12वें संस्करण में 96 देशों से 537,000 से अधिक पंजीकरण हुए जो अब तक का उच्चतम स्तर है। टीसीएस कोडवीटा छात्रों के बीच कोडिंग के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए एक गेमीफाइड दृष्टिकोण अपनाता है। पिछले कुछ वर्षों में, सैकड़ों छात्रों ने टीसीएस में इंटर्नशिप पूरी की है। इस प्रावधान के तहत हर सीज़न में शीर्ष तीन कोडर को सीधे टीसीएस अनुसंधान एवं नवोन्मेष (रिसर्च एंड इनोवेशन) टीम के साथ इंटर्नशिप करने का अवसर दिया जाता है। कोडवीटा में कोडिंग चुनौतियों के तीन दौर होते हैं। पहले राउंड में, प्रतियोगियों को आगे बढ़ने के लिए कम से कम एक चुनौती को हल करना होता है। दूसरे राउंड में, उन्हें नई जटिल समस्याओं (प्रॉब्लम) का सामना करना पड़ता है। हर साल, केवल शीर्ष 25 प्रतियोगी ही अंतिम दौर में पहुंच पाते हैं। टीसीएस के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी, हैरिक विन ने कहा, ÷टीसीएस कोडवीटा न केवल प्रतिभागियों को अपने कोडिंग कौशल को बढ़ाने के लिए चुनौती देता है, बल्कि वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों (एप्लीकेशन) और उभरते प्रौद्योगिकी रुझानों परखने का एक अनूठा अवसर भी प्रदान करता है। वैश्विक कोडिंग प्रतियोगिता अब अपने 12वें सीज़न में है और यह निरंतर प्रतिभा के लिए मानकों को आगे बढ़ा रही है, नए दृष्टिकोणों को प्रेरित कर रही है और इंजीनियरिंग उत्कृष्टता को बढ़ावा दे रही है। टीसीएस कोडवीटा जैसे प्लेटफॉर्म के माध्यम से, कंपनी समस्या समाधानकर्ताओं की अगली पीढ़ी को सशक्त बना रही है और युवा नेतृत्व का एक समुदाय तैयार कर रही है जो कल के प्रौद्योगिकी परिदृश्य को आकार देगा। टीसीएस की अनुसंधान एवं नवोन्मेष (रिसर्च ) टीम ने एक ऐसा ढांचा विकसित किया है जो प्रतियोगियों के कोड के सबमिशन, संकलन और मूल्यांकन को स्वचालित करता है। इससे कोडवीटा के लिए आठ प्रोग्रामिंग लैंग्वेज (भाषाओं) में कोड के सबमिशन, संकलन और मूल्यांकन में भी मदद मिलती है। ये प्रतियोगिताएं द फिलाकोडिस्ट क्लब के अनुभवी टीसीएस कोडर तैयार करते हैं। इस साल के सवालों में फॉर्मूला-आधारित प्रश्न (प्रॉब्लम) और एल्गोरिथम से जुड़े चैलेंज से लेकर वास्तविक जीवन में इनके उपयोग (एप्लीकेशन) और डेटा स्ट्रक्चर-संबंधी टास्क शामिल थे।

# मुथूट फाइनेंस को एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स से मिली 'बीबी+' रेटिंग, दृष्टिकोण है 'स्थिर'

## रेटिंग में कहा गया 'कंपनी अगले 12 महीनों में अपनी पूंजी और आय को बेहतरीन स्तर पर बनाए रखेगी'

**जयपुर टाइम्स**

कोच्चि(नि.सं.)। भारत की सबसे बड़ी स्वर्ण ऋण (गोल्ड लोन) एनबीएफसी, मुथूट फाइनेंस लिमिटेड को एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स से 'बीबी+/बी' रेटिंग मिली है, जिसका दृष्टिकोण (आउटलुक) स्थिर (स्टेबल) है। इस रेटिंग से कंपनी के सुरक्षित वित्तीय आधार, विवेकपूर्ण जोखिम प्रबंधन और बदलते नियामक ढांचे के साथ आगे बढ़ने के प्रति इसका लचीलापन रेखांकित होता है।

कंपनी की इस बेहतर रेटिंग से निवेशकों का भरोसा और बढ़ने की उम्मीद है और इससे मुथूट फाइनेंस की दीर्घकालिक वृद्धि से योजनाओं को समर्थन भी मिलेगा।

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने अपने आकलन में कहाः ÷हमने मुथूट फाइनेंस के लिए अपनी जारीकर्ता क्रेडिट रेटिंग को बीबी/बी से बढ़ाकर बीबी+/बी कर दिया है। यह हमारे इस दृष्टिकोण को दर्शाता है कि कंपनी अगले 12 महीनों में अपनी उत्कृष्ट पूंजी और आय बरकरार रखते हुए भारत में विशेष रूप से उच्च स्तर के फिनको से जुड़े बेहतरीन विनियमनों का लाभ उठाएगी। हमें उद्योग के अनुरूप मुथूट की माइक्रोफाइनेंस सहायक कंपनी की परिसंपत्ति गुणवत्ता पर कुछ दबाव पड़ने की आशंका है लेकिन इसके बावजूद, हमें उम्मीद है कि कंपनी अपने बेहद उच्च स्तर के कोलैटरल (संपार्श्विक) वाले स्वर्ण ऋण पोर्टफोलियो की प्रमुखता के कारण समग्र परिसंपत्ति गुणवत्ता को बनाए रखेगी।

मुथूट, स्वर्ण ऋण बाज़ार की सबसे बड़ी कंपनियों में से एक है, जो सोने के आभूषणों के बदले ऋण देती है, हालांकि, यह भारत के समग्र वित्तीय क्षेत्र के लिहाज़ से अपेक्षाकृत छोटा हिस्सा है। हमें उम्मीद है कि बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बावजूद कंपनी बाज़ार में अपना दबदबा बरकरार रखेगी। मुथूट को मज़बूत ब्रांड पहचान और स्वर्ण ऋण में सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड से लाभ मिलता है। बैंक इस आकर्षक खंड में बेहद सक्रिय हो गए हैं, लेकिन हमारा मानना है कि मुथूट इस क्षेत्र में अपने व्यापक अनुभव और विशेषज्ञता के मद्देनज़र बाज़ार में अपनी अग्रणी स्थिति को बनाए रखेगी। मुथूट फाइनेंस की रेटिंग बढ़ने से भारतीय वित्तीय सेवा परिदृश्य में उनकी स्थिति और मज़बूत हुई है। कंपनी अपने व्यापक शाखा नेटवर्क, ग्राहकों के गहरे भरोसे और जोखिम प्रबंधन के दृढ़ ढांचे के साथ, बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों से बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बावजूद स्वर्ण ऋण खंड में अपनी अग्रणी स्थिति बनाए हुए है। मुथूट फाइनेंस के प्रबंध निदेशक, जॉर्ज अलेक्ज़ेंडर मुथूट ने कहा कंपनी की रेटिंग में बढ़ोतरी (अपग्रेड) से हमारी बैलेंस शीट, लाभप्रदता बढ़ाने, परिचालन दक्षता बढ़ाने और सतत विकास से जुड़ी रणनीतियों को क्रियान्वित करने के लिहाज़ से हमारी निरंतर प्रगति ज़ाहिर होती है। इससे वित्तीय लचीलापन और स्थिरता बनाए रखते हुए गतिशील बाज़ार स्थितियों से निपटने से जुड़ी हमारी क्षमता पर निवेशकों, भागीदारों और ग्राहकों सहित बाहरी हितधारकों का भरोसा रेखांकित होता है।एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स से मिली बेहतर रेटिंग मुथूट फाइनेंस की विवेकपूर्ण वित्तीय प्रबंधन, ज़िम्मेदार ऋण प्रक्रियाओं और हितधारकों के लिए दीर्घकालिक मूल्य सृजन के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। कंपनी निरंतर वृद्धि और स्थिरता सुनिश्चित करते हुए वित्तीय क्षेत्र के अवसरों का लाभ उठाने के लिहाज़ से मज़बूत स्थिति में है।

# भीलवाड़ा एनर्जी लिमिटेड करेगा एलएनजे ग्रीनपेट में रु 750 करोड़ का निवेश

**जयपुर टाइम्स**

दिल्ली(नि.सं.)। भीलवाड़ा एनर्जी लिमिटेड ने आधुनिक बी2बी फूड ग्रेड पीईटी रेज़िन मैनुफैक्चरिंग प्लांट का लॉन्च किया है। राजस्थान में 95 एकड़ में फैला यह मैनुफैक्चरिंग प्लांट नौकरियों के 700 से अधिक अवसर उत्पन्न करेगा। एलएनजे ग्रीनपेट, राजस्थान के टोंक ज़िले में स्थित भारत का सबसे बड़ा सिंगल-प्रिमाइसेस बॉटल-टू-बॉटल (बी2बी) रीसायकल्ड पीईटी रेज़िन मैनुफैक्चरिंग प्रोजेक्ट होगा। इस अवसर पर रीजु झुनझुनवाला, मैनेजिंग डायरेक्टर, भीलवाड़ा एनर्जी लिमिटेड ने कहा, ''हम विश्वस्तरीय रेज़िन युनिट बनाने के लिए प्रयासरत हैं, जो भारत के शुद्ध-शून्य दृष्टिकोण के अनुरूप उद्योग जगत की बदलती ज़रूरतों को पूरा कर सके। 2014 में आरसीपीएफ युनिट की स्थापना ग्रुप का पहला सफल बेंचमार्क था, हमारा मानना है कि भारतीय उद्योगों को सर्कुलेरिटी को अपनाना चाहिए। एलएनजे ग्रीनपेट स्थायित्व की दिशा में एक और बड़ा कदम है जो प्लास्टिक रीसायक्लिंग के महत्व को पहचान कर प्लास्टिक व्यर्थ प्रबन्धन के लिए उचित समाधान उपलब्ध कराएगा।'' प्रोजेक्ट के संचालन की शुरूआत सितम्बर 2026 में हो जाएगी और इसमें प्रति दिन 20 मिलियन पीईटी बोतलों को रीसायकल करने तथा सालाना 100 किलोटन फूड ग्रेड बी2बी आर पीईटी रेज़िन उत्पादन की क्षमता होगी। यह पीईटी बोतल रीसायक्लिंग में ग्रुप की दूसरी पहल है, इससे पहले 2014 में रीसायकल्ड पॉलिस्टर फाइबर युनिट की स्थापना सफलतापूर्वक की गई थी, जो वर्तमान में रोज़ाना 6 मिलियन पीईटी बोतलों को रीसायकल करती है तथा सालाना 43000 + एमटी से अधिक फाइबर ग्रीन का उत्पादन करती है।

# एनबीएसएल ने लॉन्च किया भारत इंटरफेस फॉर मनी (भीम) 3.0

**जयपुर टाइम्स**

मुंबई(नि.सं.)। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, एनपीसीआई भीम सर्विसेज लिमिटेड (एनबीएसएल), ने भारत इंटरफेस फॉर मनी (भीम) 3.0 लॉन्च किया है। भारतीय रिजर्व बैंक के कार्यकारी निदेशक, विवेक दीप ने एनपीसीआई के गैर-कार्यकारी अध्यक्ष और स्वतंत्र निदेशक, श्री अजय कुमार चौधरी और बैंकिंग एवं फिनटेक उद्योग के वरिष्ठ नेतृत्व की उपस्थिति में एप्लिकेशन और सेवाओं का शुभारंभ किया। भीम 3.0, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2016 में लॉन्च किए जाने के बाद से इसका तीसरा विकसित प्रारूप है। नया भीम 3.0 ऐप ग्राहक के अनुकूल और अधिक सहज अनुभव प्रदान करता है। भीम 3.0 अब इन सुविधाओं की पेशकश करता है-

- ❒ पहले की अपेक्षा अधिक भाषा का विकल्प बेहतर पहुंच के लिए 15 से अधिक भारतीय भाषाओं में उपलब्ध
- ❒ धीमे इंटरनेट वाले क्षेत्रों में काम करता है - धीमे या अस्थिर नेटवर्क कनेक्शन के साथ भी सहज लेन-देन सुनिश्चित करने के लिए तैयार
- ❒ बेहतर धन प्रबंधन - खर्चों को आसानी से ट्रैक करने, प्रबंधित करने और विभाजित करने के लिए उन्नत टूल




अजय कुमार चौधरी ने इस कार्यक्रम में कहा, भीम ने हमेशा हर भारतीय के लिए डिजिटल भुगतान को सुरक्षित और सरल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भीम 3.0 का लॉन्च लाखों उपयोगकर्ताओं, व्यापारियों और बैंकों को सशक्त बनाने की दिशा में एक और कदम है, जिससे भारत को डिजिटल रूप से समावेशी भविष्य की ओर आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। एनबीएसएल की मुख्य कार्यकारी, ललिता नटराज ने कहा, भीम 3.0 को डिजिटल भुगतान की तेज़ी से विकसित हो रही दुनिया में आज के दौर के उपयोगकर्ताओं की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। भारत के लिए बनाया गया, यह इंटरफेस सुरक्षा, सुविधा और समावेश को प्राथमिकता देता है। भीम 3.0 समाज के सभी वर्गों में वित्तीय सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए उपयोगकर्ता अनुभव को बढ़ाएगा।

**उपयोगकर्ताओं के लिए उन्नत फीचर**

खर्च बांट सकते हैं उपयोगकर्ता अब मित्रों और परिवार के साथ बिल को सहजता से बांट कर सकते हैं। चाहे वह बाहर भोजन करना हो, किराए का भुगतान करना हो या सामूहिक खरीदारी हो, भीम ऐप उपयोगकर्ताओं को व्यय विभाजित करने और सीधे भुगतान करने की अनुमति देता है, जिससे परेशानी मुक्त निपटान सुनिश्चित होता है।

- ❒ पारिवारिक मोड - उपयोगकर्ता अब परिवार के सदस्यों को शामिल कर सकते हैं, साझा किए गए व्यय को ट्रैक कर सकते हैं और विशिष्ट भुगतान असाइन कर सकते हैं। यह सुविधा परिवारों को उनके व्यय का समेकित दृश्य देकर बेहतर वित्तीय नियोजन सक्षम बनाती है।
- ❒ खर्च का विश्लेषण - नया डैशबोर्ड भीम ऐप पर किए गए व्यय के लिए उपयोगकर्ता के मासिक व्यय पैटर्न का सहज दृश्य प्रदान करता है। यह स्वचालित रूप से व्यय को वर्गीकृत करता है, जिससे उपयोगकर्ताओं को जटिल स्प्रेडशीट की आवश्यकता के बिना अपने बजट का विश्लेषण और प्रबंधन करने में मदद मिलती है।

# केपीआईएल को मिले 9 ? 2,366 करोड़ के नए ऑर्डर

**जयपुर टाइम्स**

मुंबई(नि.सं.)। कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड (केपीआईएल) ने अपनी अंतरराष्ट्रीय सहायक कंपनियों (सब्सिडियरी) के साथ मिलकर लगभग 2,366 करोड़ के ऑर्डर (कम्फर्ट लेटर) हासिल किए।

**उक्त नए ऑर्डर का विवरण इस प्रकार है**

भारत और विदेशी बाजार में ट्रांसमिशन एवं वितरण (टीएंडडी) व्यवसाय के लिए ऑर्डर

भारत में भवन एवं फैक्ट्री (बीएंडएफ) व्यवसाय के लिए ऑर्डर

केपीआईएल के प्रबंध निदेश एवं मुख्य कार्यकारी, मनीष मोहनोत ने कहा, ÷हमें भारत में अपने टीएंडडी व्यवसाय के लिए एचवीडीसी खंड में प्रतिष्ठित ऑर्डर हासिल करने की विशेष खुशी है। बिजली की बढ़ती मांग, नवीकरणीय ऊर्जा के तेज़ी से विस्तार और टीएंडडी बुनियादी ढांचे में सुधार पर ध्यान केंद्रित करने के कारण हमारी टीएंडडी ऑर्डर बुक लगातार बढ़ रही है।

हम केपीआईएल की बाज़ार स्थिति को मज़बूत करने और वैश्विक स्तर पर टीएंडडी व्यवसाय में अपनी क्षमताओं को बेहतर बनाने पर निरंतर ध्यान रखे हुए हैं।

बीएंडएफ व्यवसाय में जो ऑर्डर मिला है वह मौजूदा ग्राहक से बार-बार मिलने वाले ऑर्डर में शामिल है और इससे हमारे समय पर डिलीवरी के बेहतरीन ट्रैक रिकॉर्ड और बीएंडएफ निर्माण क्षेत्र में उल्लेखनीय क्षमता ज़ाहिर होती है। इन नए ऑर्डर के साथ, वित्त वर्ष '25 में अब तक हमें मिले ऑर्डर का स्तर 9 24,850 करोड़ पर पहुंच गया है और इससे आने वाले दिनों में बेहतर निष्पादन और वृद्धि की अच्छी संभावना प्रकट होती है।

## बिहारीपुरा में दुसरे दिन फार्मर रजिस्ट्री शिविर का हुआ आयोजन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रामपुरा डाबडी तहसील की ग्राम पंचायत बिहारीपुरा में मंगलवार को चल रहे तीन दिवसीय शिविर में दुसरे दिन शिविर उप जिलाप्रमुख मोहन डागर के आतिथ्य में हुआ। शिविर की अध्यक्षता स्थानीय सरपंच बबली देवी शर्मा ने किया। शिविर का आयोजन शिविर प्रभारी कृष्ण कुमार यादव की उपस्थिति में संपन्न हुआ जिसमें 260 किसानों ने फार्मर आई डी बनवाई। शिविर में डागर ने किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के लाभ बताये ओर कहा कि प्रधानमंत्री/मुख्यमन्त्री कृषि किसान योजनाओं के लिए किसानों को फार्मर रजिस्ट्री शिविर में फार्मर आईडी बनवाना अनिवार्य है इससे सरकार की किसानों के लिए सभी कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ उठा सकेगें। इस दौरान बिहारीपुरा जीएसएस अध्यक्ष सत्यनारायण व्यास, सरपंच प्रतिनिधि रमेश यादव, ग्राम विकास अधिकारी मनोज कंवर, पटवारी राधेश्याम यादव, दिनेश यादव सहित पशुपालन, कृषि, विधुत, सहकारिता, महिला बाल विकास विभाग के साथ आँगनबाडी कार्यकर्ताओं ने अपनी सेवाएं दी।

## राष्ट्रीय/राज्यीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निसं.)।** निर्वाचन विभाग राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार राष्ट्रीय/राज्यीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी शुभम चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से मतदान प्रतिशत में सुधार, मतदाता सूची में लिंगानुपात तथा मतदाता-जनसंख्या अनुपात (ईपी रेश्यों) में सुधार सहित निर्वाचन प्रक्रिया से सम्बन्धित अन्य मुद्दों पर चर्चा की। साथ ही राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से निर्वाचन प्रक्रिया में सुधार के सम्बन्ध में सुझाव लिए। भारत निर्वाचन आयोग एवं निर्वाचन विभाग राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार अपने दल की ओर से जिले के समस्त मतदान केन्द्रों पर बूथ स्तरीय अभिकर्ता की नियुक्ति भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रपत्रों में करने का आग्रह किया। बैठक में भारतीय जनता पार्टी की ओर से बलवीर सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश जैन, इंडियन नेशनल कांग्रेस की ओर से गिर्राज गूर्जर जिलाध्यक्ष, मस्तराम गूर्जर, बहुजन समाज पार्टी की ओर से अशोक कुमार मीना जिलाध्यक्ष, सहायक जनसम्पर्क अधिकारी सुरेन्द्र कुमार मीणा, सहायक प्राशासनिक अधिकारी चुनाव शाखा हनुमान जैन मौजूद उपस्थित रहे।

## महिला सम्मेलन के साथ धौलपुर में राजस्थान दिवस समारोह का आगाज

### कार्यक्रम में जिले की 80 छात्राओं को स्कूटी और 34 गृहणियों को कुकटॉप की मिली सौगातें , बुधवार को होगा किसान सम्मेलन एवं एफपीओ कार्यक्रम का आयोजन




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार किसान, युवा, महिला और गरीबों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में राजस्थान दिवस (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, 30 मार्च 2025) को भव्य रूप से मनाने के लिए राज्यभर में कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू की गई है। 31 मार्च तक चलने वाले इस सप्ताहव्यापी महोत्सव की शुरूआत मंगलवार को महिला सम्मेलन के साथ हुई। इस अवसर पर महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त किया। धौलपुर में जिला स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन नगर परिषद के ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने की। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक धीरेन्द्र सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र पाराशर, भाजपा नेता शिवचरण कुशवाह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जिलेभर से बड़ी संख्या में आई महिलाओं ने इस सम्मेलन में भाग लिया। सम्मेलन के दौरान महिलाओं को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया गया। कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी वितरण योजना के तहत 80 पात्र लाभार्थियों को जिला कलक्टर एवं अतिथियों ने चाबी सौंपकर स्कूटी वितरित की। इससे पूर्व 34 गृहणियों को इंडक्शन कुकटॉप का वितरण किया गया। इस दौरान माननीय मुख्यमंत्री द्वारा लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत लाभार्थियों को पहली किश्त का वितरण किया गया। राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन से धौलपुर का यह कार्यक्रम वर्चुअली जुड़ा रहा, जहां महिलाओं को कई योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में महिला समूहों को लगभग 100 करोड़ रुपये की सी.आई.एफ. राशि हस्तांतरित की गई। गार्गी पुरस्कार, बालिका प्रोत्साहन और मुख्यमंत्री हमारी बेटियां योजना के अंतर्गत बालिकाओं को डीबीटी की गई। विवेकानंद स्कॉलरशिप योजना के तहत लाभान्वित छात्राओं को स्वीकृति पत्र दिए गए। महिला सम्मेलन के दौरान सरकार द्वारा अति कुपोषित बच्चों के लिए टेक होम राशन में दूध की मात्रा 15 ग्राम से बढ़ाकर 25 ग्राम करने के निर्देश पत्र जारी गए। सोलर दीदी योजना के दिशा-निर्देश भी जारी किए गए। इसके साथ ही प्रथम चरण में 1000 ग्राम पंचायतों में बर्तन बैंक योजना लागू करने की घोषणा की गई।

## श्रीमद्भागवत कथा में वामन अवतार, राम जन्मोत्सव और नन्दोत्सव का किया वर्णन

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निसं.)।** आरएसी रोड स्थित गंगा बेटी मन्दिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान सप्ताह यज्ञ के चौथे दिन मंगलवार को श्रीधाम वृंदावन से आए कथा वाचक आचार्य कृपाशंकर ने समुद्र मंथन, गजग्रह उद्धार, वामन अवतार, राम जन्मोत्सव और नन्दोत्सव की कथा सुनाई। कथा की शुरुआत में मुख्य यजमान विजय सिंह और नीतू राना ने कथापीठ का पूजन किया। कथा को आगे बढ़ाते हुए कथा व्यास आचार्य कृपाशंकर ने कहा कि भक्ति एक ऐसा उत्तम निवेश है, जो जीवन में परेशानियों का उत्तम समाधान देती है। साथ ही जीवन के बाद मोक्ष भी सुनिश्चित करती है। उन्होंने बताया कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म का बोलबाला बढ़ जाता है तब सर्वत्र हिंसा और उपद्रव दिखाई देता है। गोमाता, संतों व सज्जनों पर जब दुष्ट लोग अत्याचार करते हैं तब प्रभु वैकुंठ त्याग कर धराधाम में अवतरित होते हैं। कथा प्रसंग में श्रीराम अवतार का संक्षिप्त में वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान कभी जन्म नहीं लेते, अवतार धारण करते हैं, प्रकट होते हैं और प्रकट वहीं होते हैं जो पहले से विद्यमान हो। भगवान तो कण कण में मौजूद रहते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीराम कथा कलयुग में कामधेनु के समान है। कलिकाल में राम नाम स्मरण एवं भागवत कथा श्रवण मात्र से ही जीव कष्टों से छुटकारा पा सकता है। वहीं, उन्होंने बताया कि विश्वास से कथा श्रवण करने से कथा जीवन का सुधार कर देती है। वैसे भी राम कथा श्रवण करने से जीव का संशय समाप्त हो जाता है। दुख दूर हो जाते हैं। उन्होंने कथा श्रवण पर जोर देते हुए कहा कि आवश्यकता है कि हर घर में मर्यादा पुरुषोत्तम राम व श्री कृष्ण अवतरित हों। उनके नैतिक मूल्यों की स्थापना हो। भगवान श्रीकृष्ण व मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का धरा आगमन सच्चे अर्थों में मानवता की स्थापना के लिए हुआ था। इस अवसर पर आचार्य ने भगवान वामन अवतार की कथा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि दानवीर राजा बली के पास भगवान विष्णु ने वामन अवतार का रूप धारण कर दान में तीन पग जमीन दान में मांगी। राजा बलि को अपने दान पर अहंकार था। बावन भगवान को तीन पग जमीन देने का वचन दे दिया। बावन भगवान ने एक पग में आकाश, दूसरे पग में धरती नाप डाली व तीसरे पग में राजा बलि के सिर पर रखने से पाताल लोक को चले गए। इस अवसर पर कथा व्यास के साथ आचार्य राजीव नयन, हरेंद्र, बृजकिशोर एवं अन्य सरस्वती उपासकों के द्वारा गाए भजनों पर श्रद्धालु झूमने पर मजबूर हो गए। कथा समाप्ति पर यजमान सहित बलवीर सिंह राना, जय सिंह राना, रजनीकांत शर्मा, प्रदीप राना, नीरज पार्षद, बनारस से पधारे जीतेन्द्र सिंह ज्योति, गाजियाबाद से धर्मवीर सिंह प्रगति, गोविंद सिंह राना, अभय राना, जगदीश गड़ेंचिया, मनोज राना, राहुल राना, निक्की, पल्लो, विजेंद्र सिंह राना, नरेंद्र सिंह राना, नीतू राना, अंकुर राना, गौरव राना, रूप सिंह हंसेलिया, विजय सिंह वोवले, जगदीश राना, वासुदेव शर्मा, विशाल राना, अशोक कुमार सिंह, योगेंद्र, कुणाल राना, मंजीत, अनिल दुबे, भूपाल सोनी, अभय, राम कुमार सिंह, श्याम सिंह, अनिल चौधरी व समस्त राना परिवार सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुषों ने कथा पीठ की आरती की व प्रसादी ग्रहण की।


### नाम संशोधन

मेरे पुराने कागजात में भूलवश मेरी मां का नाम मोहिनी देवी व पिता का नाम जगदीश प्रसाद अंकित हो गया है। मेरी 10 वीं की मार्कशीट में मेरी मां का नाम मोहिनी तथा पिता का नाम जगदीश प्रसाद शर्मा है। मै अपने कागजातों में मेरी मां का नाम मोहिनी तथा पिता का नाम जगदीश प्रसाद शर्मा करवाना चाहता हूं।
**पवन कुमार शर्मा पुत्र जगदीश प्रसाद शर्मा, निवासी ठरडा रोड़, साईं बाबा मंदिर के सामने, सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**

### कार्यालय, नगरपालिका मण्डल, बीदासर (चूरू) राज0

E-Mail :nagarpalikabidasar@gmail.com Phone No. : 01560 – 262028

क्रमांक—नपाबी / 2024—25 / 2787 दिनांक—20.03.25

**निविदा सूचना**

पंजीकृत एवं अधिकृत सामग्री विक्रेताओं, ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका वित्तीय वर्ष 2025—26 के लिए निम्न कार्यो की दरे निर्धारित हेतु निविदाएं आमन्त्रित करती है। इच्छुक निविदादात्ता दोपहर 12 बजे तक निविदा पत्र प्राप्त कर अपनी दरे बन्द लिफाफे में कार्य के सम्मुख अंकित तिथियों को सायं 1 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। प्राप्त निविदाएं उसी दिन सायं 03 बजे उपस्थित निविदादात्ताओ के समक्ष खोली जावेगी। उक्त निविदा सूचना राज्य लोक उपापन पोर्टल (http://sppp.rajasthan.gov.in) पर देखी जा सकती है।

NIB Code- DLB2425A6851

UBN NO.-DLB2425SSRC22306 UBN NO.-DLB2425SSRC22307
UBN NO.-DLB2425SSRC22308 UBN NO.-DLB2425SSRC22309
UBN NO.-DLB2425SSRC22311 UBN NO.-DLB2425SSRC22312
UBN NO.-DLB2425SSRC22313 UBN NO.-DLB2425SSRC22314
UBN NO.-DLB2425SSRC22315 UBN NO.-DLB2425SSRC22316
UBN NO.-DLB2425SSRC22317 UBN NO.-DLB2425SSRC22318
UBN NO.-DLB2425SSRC22319 UBN NO.-DLB2425SSRC22320
UBN NO.-DLB2425SSRC22321

अध्यक्ष नगरपालिका, बीदासर — अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका, बीदासर

राज.संवाद / सी / 24 / 13839

### कार्यालय प्रधानाचार्य, पं. दीनदयाल उपाध्याय मेडिकल कॉलेज, चूरू

website: www.education.rajasthan.gov.in/mechuru
Email:- principal.mc.churu@rajasthan.gov.in Phone-01562-251888
क्रमांक- लेखा/निविदा/HIMS Equip./2025/829 दिनांक: 21.3.25

**NIT - 16/2024-25**
**(UBN No. - MCC2425GSOB00011**

Bid for Supply of IT Equipments (HIMS) are invited from interested bidders up to 12.30 PM on dated ..28.3.25 for Medical College, Churu. The estimated value of procurement is about Rs 4, 75,540/-. Other particulars of the bid may be visited on the Procurement Portal htpp://sppp.rajasthan.gov.in of the State.

**Principal**
**PDU Medical College, Churu**

DIPR/C/4301/2025

### नाम परिवर्तन

मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम सुनील दर्ज है। अब मैंने मेरा नाम सुनील हुड्डा (SUNIL HUDDA) रख लिया है। भविष्य में मुझे सुनील हुड्डा पुत्र सोहन लाल जाट , गाँव उड़वाला, तहसील बीदासर जिला चूरू (राजस्थान) के नाम से जाना पहचाना जावें।

### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, PHED DIVISION CHURU (RAJ.)

Tel. 01562-250343, e-mail - eephedchuru@gmail.com, ee.chu.phed@rajasthan.gov.in

No:- 3862 16 Date: 19-3-2025

**NOTICE INVITING BID**

Bids for Nit no 51/2024-25 Supply of PVC Special/ Fittings in PHED Division Store churu are invited form interested bidders upto 28-03-2025 (03:00 Hrs) Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal. http://sppp.rajasthan.gov.in, http://Eproc.rajasthan.gov.in) of the state and phed.raj.nic.in. The approximate value of the procurement is Nit No 51/2024-25 Rs. 01.50 Lacs.

UBN No. PHE 2425GSRC11811 RS 01.50 Lac

**Executive Engineer,**
**PHED Division Churu**

DIPR/C/4138/2025

### कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, सा0नि0वि0 वृत चूरू

क्रमाक- 3046-3061 दिनांक- 18.03.2025

**ई - निविदा सूचना संख्या 07/2024-25**

इच्छुक निविदादाताओं सेजिला चूरू में सड़क निर्माण कार्य (मय पाँच वर्ष के दोष निवारण व सुधार अवधि) एकसडक निर्माणकार्य हेतु अनुमानित लागत राशि रू375.00 लाख कीऑन लाईन निविदा आमन्त्रित की जाती है। कार्य के निविदा प्रपत्र दिनांक 08.04.2025सांय 6.00 बजे तक ऑनलाईन अपलोड करना आवश्यक होगा। उक्त निविदा से सम्बन्धित विवरण राज्य सरकार के प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in, http:// eproc.rajasthan.gov.in विभागीय वेबसाईट http://pwd.rajasthan.gov.in पर देखे जा सकते है ।

एन.आई.बी.नं.-PWD2425A4730
यू. बी. एन नं- PWD2425WSOB17072

**अधीक्षण अभियन्ता**
**सा.नि.वि वृत चूरू**

DIPR/C/4076/2025

### कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड सरदारशहर

क्रमांक- 3311-3319 दिनांक- 18/03/2025

**ई-निविदा सूचना सं. 20/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से सरदारशहर खण्ड के अन्तर्गत सड़क निर्माण कार्य हेतु कुल 1 कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग/रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हों, से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेन्डिरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन-लाईन ई-निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है। आर.पी. डब्ल्यू. ए. - 100 की शर्त लागू होगी। ई-निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट dipr.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट eproc.rajasthan.gov.in तथा sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। SPPP पर अपलोड PWD2425A4725 के UBN No. निम्न प्रकार है-

| S.No. | UBN No. |
|---|---|
| 1 | PWD2425WSOB17060 |

**(राजेन्द्र कुमार सैनी)**
**अधिशाषी अभियन्ता,**
**सा.नि.वि. खण्ड- सरदारशहर**

DIPR/C/4070/2025

### कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड चूरू

क्रमांक- 4960-4971 दिनांक- 18-03-2025

**ई-निविदा सूचना संख्या- 25/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तहसील व जिला चूरु में निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। आर. पी डब्लयू. ए 100 की शर्त लागू होगी। निविदा से संबंधित विवरण बेबसाईट http://dipr.rajasthan.gov.in/tendrs.asp एंव विभागीय वेबसाईट Uhttp://eproc.rajasthan.gov.inThttp://www.pwd.rajajasthan.gov.in तथा http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।
NIB No. - PWD2425A4731

| S.No. | UBN NO. | S.No. | UBN NO. |
|---|---|---|---|
| 1. | PWD2425WSOB17073 | 2. | PWD2425WSOB17074 |

**अधिशाषी अभियन्ता,**
**सा.नि.वि. खण्ड चूरू**

DIPR/C/4058/2025

### SE CUM PROJECT MANAGER, WCDC, WATERSHED DEVELOPMENT & SOIL CONSERVATION, CHURU

E-mail ID:- SEWDSC.CHURU@RAJASTHAN.GOV.IN

क्रमांक- एफ3 ()7 अ.अ/डब्ल्यूसीडीसी / चूरू / निविदा/2024-25/2711 दिनांक: 18/03/25

**NOTICE INVITING BID**
**E-NIT No 11/ YEAR 2024-25**

Bids for Watershed Development Works are invited from interested bidders up to 05.00 PM on 28.03.2025 as per following details. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.inor https:// watershed. rajasthan. gov.in) bof the state departmental website.

Please Publish in One State Level & One Regional/ Local daily News Paper (As per Rule) in Minimum Space.

| S.No. | Block | NIB Code | UBN Code |
|---|---|---|---|
| 1 | Churu | WSC2425A0676 | WSC2425WSOB01409 |

**S. E& P. M**
**WCDC, Churu**

DIPR/C/4085/2025

### कार्यालयग्राम पंचायत लालगढ

**पंचायत समिति बीदासर (चूरू)**

क्रमांक- ग्रापंलालगढ/2024-25/156-160 दिनांक- 20.03.2025

**निविदा सूचना संख्या09/2024-25**

इस कार्यालय के निम्नानुसार कार्य को सम्पादित करने हेतु पहली वर्षाकाल समाप्ति पश्चात एकवर्ष की डिफेक्टिव लाईब्लिटिज के साथ उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान / केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदको से ई-टेण्डर प्रक्रि या के द्वारा ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उक्त निविदा SPPP Portal पर Upload कर दी गयी हैं।

| क्र.सं. | कार्य का नाम व विवरण | अनुमानित राशि (रूपये) | धरोहर राशि (रूपये) |
|---|---|---|---|
| 1 | WSP निर्माण कार्य कब्रिस्थान के पास लालगढ | 1000000 | 20000 |
| 2 | ऑनलाइन फार्म डाउनलोड व जमा/अपलोड करने की तारीख | 20.03.2025सांय 6 बजे से 27.03.2025दोपहर 1 बजे तक | |
| 3 | धरोहर राशि, निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस डी. डी. / बैकर्स चैक एवं अन्य मूल कागजात कार्यालय में जमा कराने की तारीख | 27.03.2025 दोपहर 2 बजे तक | |
| 4 | ऑनलाईन निविदा खोलने की तारीख | 27.03.2025दोपहर 3 बजे से | |

उक्त से संबंधित अन्य विस्तृत विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.rajasthan.gov.in पर से NIB NO ZCR2425A1008 UBN ZCR2425WSOB01867 के द्वारा Download कर देखा जा सकता है।

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत लालगढ**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत लालगढ**

### कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता ( परियोजना) जन स्वा. अभि. विभाग विभाग, खण्ड, सरदारशहर

क्रमांक- अअ/जनस्वा/निविदा/2024-25 /2438 दिनांक-18-03-25

**ई-निविदा सूचना संख्या 53 / 2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से पी.डब्लू. एफ. एण्ड ए. आर. पार्ट - अपेडिक्स 16 दिनांक 1.7.99 से लागू एवं समय - समय पर वित्त विभाग द्वारा जारी संशोधित परिपत्रों ( आज तक) के अनुरूप विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के विभागों में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं संबंधित कार्यो में अनुभव रखने वाली फर्मों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाएं आंमत्रित की जाती हैं ।

निविदा फार्म ऑन लाईन वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in से कॉलम संख्या 6 में अंकित तिथि तक सांय 6.00 बजे तक डाउनलोड / अपलोड किए जा सकते हैं । वैब साईट पर तकनीकी बिड कॉलम संख्या 7 में अंकित तिथि को इस कार्यालय में दोपहर 02.00 बजे खोली जावेगी। यदि किसी कारणवश उस दिन अवकाश रहता है तो उसके अगले कार्य दिवस को उसी समय पर तकनीकी बिड खोली जावेगी ।

निविदा शुल्क / धरोहर राशि निविदादाता द्वारा ई-ग्रास के माध्यम से DDO Code 4836-X. EN Project Div SARDARSHAHR Budget Head लोक निर्माण कार्य जमा 8443-00 108-00-00 एवं निविदा शुल्क (through e-GRAS Challan (website http://egras.raj.nic.in) in favour of DDO Code 4836-X.EN Project Div SARDARSHAHR Budget Head निविदा शुल्क प्राप्ती 007500-800-52-01 ) के अन्तर्गत जमा करवाया जावेगा, ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया शुल्क रूपये 50.00 लाख तक 500 /- रू.50.00 लाख से 100.00 तक 1500/- 100.00 लाख से 500.00 लाख तक रू. 2000 /- तथा 500.00 लाख से अधिक रू. 2500/- का का द्वारा ई-ग्रास के माध्यम से जमा करवाकर भौतिक रूप कालम से. 07 मे अंकित दिनांक 04.04.2025 को प्रातः 11.00 बजे तक इस कार्यालय में जमा करवाना आव यक है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल (DSC) हस्ताक्षर के माध्यम से वैब साईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर फर्म को रजिस्टर्ड करवाना आव यक है ।

| निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि (लाखों में) | धरोहर राशि राशि (लाखों में) | निविदा शुल्क राशि रू. में | निविदा डाउनलोड एवं अपलोड करने की दिनांक | तकनीकी बिड खोलने की तिथि | कार्य पुर्ण करने कि अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 53/24-25 | Replacement of old inefficient pump set and replacement of starter parts at pump house Sardarshahar, Sadasar PH and various Rwss head works against canal closure under Div Sardarshahar. UBN is: PHE2425WSOB11756 Date 18.03.2025 | 28.19 | 56380 | 500 | Up to 03.04.2025 | 04.04.2025 | 03 Month |

**नोट-** निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण एवं अन्य शर्ते निम्नलिखित वैब साईट पर देखी जा सकती है
1- http://eproc.rajasthan.gov.in 2- www.dipronline.org
**प्रकृति का अनुपम उपहार**
**स्वच्छ जल का सबको उपहार**

**(रामदेव पारीक)**
**अधिशाषी अभियन्ता ( परियोजना )**
**जन स्वा.अभि. विभाग, खण्ड सरदारशहर**

DIPR/C/4077/2025

## विश्व क्षय रोग दिवस पर संगोष्ठी आयोजित



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** स्थानीय खंड मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय लक्ष्मणगढ़ में विश्व क्षय रोग दिवस के उपलक्ष्य में क्षय रोग की रोकथाम विषयक संगोष्ठी का आयोजन डॉ. लक्ष्मणगढ़ जिला अस्पताल के बीसीएमओ दिनेश कस्वा व पीएमओ डॉ. अटल भास्कर, डिप्टी कंट्रोलर डॉ. शीशराम, बीपीएम विकास तूनवाल, एसटीएस रामचंद्र ढाका, बी एच एस योगेश सैनी सहित लक्ष्मणगढ़ शहरी क्षेत्र की आशा सहयोगिनिया उपस्थित में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में पीएमओ डॉ. अटल भास्कर व उपनियंत्रक डॉ. शीशराम ने क्षय रोग के प्रसार को समुदाय में रोकने के लिए अधिक से अधिक टीबी संभावित रोगियों की सैंपलिंग के लिए आशाओं को प्रेरित किया। इन्होंने बताया कि जिला अस्पताल में उपलब्ध सीबीनाट मशीन से बहुत ही कम समय में अधिक सैंपल के बेहतर व गुणवत्तापूर्ण परिणाम प्राप्त किये जा सकते है। डॉ. दिनेश कस्वा, खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, लक्ष्मणगढ़ ने संभावित टीबी रोगियों के निश्चय आईडी व निश्चय मित्र बनाने के लिए प्रेरित किया। रामचंद्र ढाका एसटीएस ने क्षय रोग रोधी दवा वितरण व मॉनिटरिंग सहित क्षय रोग रोकथाम, टीबी रोग की सैंपलिंग, जांच व उपचार के संबंध में विस्तार से बताया। विकास तूनवाल, बीपीएम ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए टीबी मुक्त भारत अभियान की जानकारी, क्षय रोग की वर्तमान स्थिति व रोकथाम पर चर्चा की गई।

## रोजेदारों को दी रोजा इफ्तार की दावत

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** कस्बे के वार्ड 15 में भाजपा अल्प संख्यक मोर्चाध्यक्ष अकरम नागौरी की ओर से मंगलवार को रोजा इफ्तार कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर रोजेदारों ने मुल्क में अमन चैन की दुआ मांगी। अकरम नागौरी ने रोजेदारों का इस्तकबाल कर शुक्रिया अदा किया। कार्यक्रम में सिकन्दर मलंग, अनवर खत्री, पार्षद मो. इब्राहिम, सैय्यद मौम, अयूब खत्री, शौकत अली चौहाण, असलम रंगरेज, शब्बीर नसीर रंगरेज, शौयब खत्री, हनिफ महणसरिया, जमील मौम, आदील नागौरी, आसीफ, अब्दुल, समसू इकबाल खत्री, इकबाल मलंग सहित अनेक रोजेदार मौजूद रहे।

## घर- घर बंदौरा निकाल किया गणगौर पूजन



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के जवाई चौक में रतनलाल राकेश कुमार देरासरी के घर पर गणगौर महोत्सव के दौरान नव विवाहिताओं, युवतियों व महिलाओं की ओर से गणगौर पूजन कर अमर सुहाग व सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नव विवाहितायों, युवतियों व महिलाओं ने गणगौर का घर-घर बंदोरा निकालकर गणगौर के गीत गाकर उत्साह के साथ गणगौर पूजन किया। महिलाओं की ओर से होलिका दहन के साथ ही गणगौर पूजन की वर्षों पुरानी चली आ रही परंपराओं का निर्वहन करते हुए गणगौर महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर कमला, साधना, बबीता, ममता, नमिता, कविता, बुलबुल, दिवाली, राखी सहित अनेक नव विवाहिताओं व युवतियां व महिलाओं ने गणगौर माता का पूजन कर सुख समृद्धि की कामना की।

## बाजरे की खेती को बढ़ावा देने की पहल, नई किस्मों और मूल्य संवर्धन की दी जानकारी




जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के कृषि विज्ञान केंद्र ने ग्लोबल सीओई अनुसूचित जाति उप योजना के तहत एक महत्वपूर्ण जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। ग्राम बरलाजसर में आयोजित इस कार्यक्रम में 110 किसान और किसान महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य चूरू क्षेत्र में बाजरे की नई किस्मों की खेती को बढ़ावा देना था। केंद्र के विशेषज्ञों ने किसानों को एमपीएमएच -17 और एमपीएमएच-19 किस्मों के बारे में जानकारी दी। ये किस्में लोहा, जस्ता और प्रोटीन से भरपूर हैं जो स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद हैं। विशेषज्ञों ने बाजरे से बने विभिन्न उत्पादों के बारे में भी बताया। इनमें बिस्कुट, केक, कुरकुरे और लड्डु शामिल हैं। उन्होंने किसानों को दैनिक भोजन में बाजरे को शामिल करने की सलाह भी दी। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक और प्रमुख डॉ वीके सैनी और डॉ रमन जोधा ने बाजरे के मूल्य संवर्धन पर विशेष जोर दिया। साथ ही उन्होंने केंद्र की किसान केंद्रित गतिविधियों की जानकारी भी साझा की।

### स्वास्थ्य विभाग का ग्राम स्तर पर टीबी मुक्ति की ओर कदम सराहनीयः मीणा

# विश्व क्षय दिवस पर झुंझुनूं जिले की 144 ग्राम पंचायते टीबी मुक्त घोषित

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)।** विश्व क्षय दिवस पर झुंझुनूं जिले की 144 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त पंचायत के रूप में घोषित किया गया। सोमवार को सूचना केंद्र में जिला कलेक्टर रामावतार मीणा के मुख्य आतिथ्य में हुए सम्मान समारोह में टीबी मुक्त पंचायत के रूप में जिले की 34 ग्राम पंचायतों को सिल्वर तथा 110 ग्राम पंचायतों के सरपंचों को ब्रॉन्ज अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रमुख हर्षिनी कुल्हरी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर अजय कुमार आर्य, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामनिवास, भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी अतिथि के रूप में मौजूद रहें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने कहा कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जिले में ग्राम पंचायत स्तर पर टीबी मुक्ति की ओर बढ़ाया गया कदम निश्चित रूप से स्वास्थ्य विभाग का सराहनीय कदम है, जो आने वाले समय में जिले को टीबी मुक्त घोषित करवाने में कारगर साबित होगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला प्रमुख हर्षिनी कुल्हरी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप जिले में टीबी



उन्मूलन के दिशा में कार्य किया गया है, जिसकी शुरूवार भी ग्राम स्तर से की गई है। उन्होंने टीबी मुक्त पंचायतों के जनप्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि वे ग्राम पंचायत के मुखिया होने के नाते अपनी ग्राम पंचायत में टीबी के खिलाफ लड़ाई जारी रखे और इस टीबी जैसी गंभीर बीमारी से लडने् में व्यापक ज नजागरूकता पैदा करें। मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकार डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने बताया कि इस वर्ष जिले में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान का सफन संचालन किया गया है, अब आगे भी इन पंचायतों के साथ-साथ बची हुई पंचायतों में यह विशेष अभियान जारी रखा जाएगा। टीबी की जांच के लिए जिले में 10 से अधिक सीबीनॉट, टूनॉट सेंटरों पर जांच की जा रही है, जिससे अधिक से अधिक मरीजों की बिना किसी असुविधा के जांच हो, इसकी नियमित रूप से समीक्षा की जा रही है। कार्यक्रम में डॉ. गुर्जर ने ग्राम पंचायतों के सरपंचों से अपील करते हुए कहा कि वे निक्षय मित्र के रूप में अपनी ग्राम पंचायत के रोगियों को गोद लेकर अतिरिक्त पोषण सामग्री का वितरण करते रहे, जिससे जिले में टीबी रोगी को आर्थिक व सामाजिक संबल मिले सके। कार्यक्रम में डीपीएम विक्रमसिंह, डीपीसी डॉ. महेश कड़वासरा, मोहन चाहर, संजीव महला, लेखा शाखा के जितेंद्रसिंह शेखावत, दिनेश कुमार मिश्रा, बीएचएस रविंद्रसिंह शेखावत, सुनिल कुमार, मुकेश कुमार, दिनेश खानखेडि़या, पवन कुमार खीचड़, राकेश कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के अनेक कार्मिक उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी उम्मेदसिंह महला ने किया।

### नवलगढ़ में सर्वाधिक पंचायते टीबी मुक्त

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. विजय सिंह ने बताया कि नवलगढ़ ब्लॉक में 26 ग्राम पंचायतों के साथ सर्वाधिक टीबी मुक्त ग्राम पंचायत घोषित हुई है। इसके अलावा खेतड़ी में 18, सूरजगढ़ में 15, उदयपुरवाटी में 15, मलसीसर में 14, झुंझुनूं में 12, मंडावा में 11, चिडावा में 10, पिलानी में 10, बुहाना में 8 व सिंघाना में 5 ग्राम पंचायतों ने टीबी मुक्त के पैरामीटरों को पूरा किया है। कार्यक्रम में 144 ग्राम पंचायतों के सरपंचों के साथ-साथ अभियान में सक्रिय योगदान देने पर खेतड़ी बीसीएमओ डॉ. हरीश यादव, उदयपुरवाटी ब्लॉक प्रोग्राम ऑफिसर आशा सैनी, डीआरटीबी कॉर्डिनेटर आनंद चौधरी, सूरजगढ़ ब्लॉक हैल्थ सुपरवाईजर दिनेशसिंह, झुंझुनूं एसटीएलएस बबीता कुमारी, झुंझुनूं ग्रामीण एसटीएस मंगलचंद, सामाजिक कार्यकर्ता रणवीरसिंह नेहरा, भाषण प्रतियोगिता में खेतड़ी राजकीय स्कूल की छात्रा प्रतिभा सैनी, महात्मा गांधी राजकीय स्कूल ओजटू के विरीका व भव्या शर्मा, जटिया स्कूल बिसाऊ के लक्की जोशी, डाबड़ी धीरसिंह राजकीय स्कूल के नेहा कुमारी, सूरजगढ़ सीएचसी के एलटी राहुल गुर्जर, चिडावा सीएचसी के एसएलटी सुरेंद्र कुमार, बिसाऊ डॉट्स प्रोवाइडर अमिता बुडानिया को अतिथियों ने सम्मानित किया। वही अनिल कुमार मीणा नाटास सरपंच विजयपाल भाटीवाड आदि लोगों को सम्मानित किया गया।

## सोशल ऑडिट टीम सदस्य के साथ दुर्व्यवहार मामले में कलेक्टर को ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनू(निस)।** सोशल ऑडिट टीम की सदस्य ने उसके साथ किए गए कथित दुर्व्यवहार की शिकायत जिला कलेक्टर से की है। सुनीता ने बताया कि वे पिछले दो-तीन वर्षों से राजीविका योजना के तहत कार्य कर रही हैं और मनरेगा का सोशल ऑडिट कर रही हैं। इसी प्रक्रिया के तहत वे 13 से 18 मार्च तक सोनासर ग्राम पंचायत में ऑडिट कर रही थीं। 19 मार्च को ग्राम सभा के दौरान सांख्यिकी विभाग की उप निदेशक पूनम कटेवा ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया और पूरी टीम के समक्ष जातिसूचक गालियां दीं। इस घटना की शिकायत जिला कलेक्टर और जिला परिषद सीईओ से भी की गई थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं होने पर सोशल ऑडिट टीम ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से इस मामले को गंभीरता से लेने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

### टीम ने सौंपा ज्ञापन, न्याय की मांग

सोशल ऑडिट टीम ने जिला कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और इस मामले में उचित कार्रवाई की मांग की। टीम के सदस्यों ने कहा कि ऐसी घटनाएं स्वतंत्र ऑडिट प्रक्रिया को बाधित करती हैं और प्रशासन को इसे गंभीरता से लेना चाहिए।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में उत्कृष्ट कार्यों के लिए झुंझुनूं को मिला राज्य स्तरीय सम्मान

### सीएमएचओ डॉ गुर्जर व आरसीएचओ डॉ दयानंद सिंह ने प्राप्त किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में जिले के स्वास्थ्य उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान के लिए मंगलवार को जयपुर में जिले को सम्मानित किया गया। मंगलवार को सीएमएचओ डॉ छोटेलाल गुर्जर नोडल अधिकारी व आरसीएचओ डॉ दयानंद सिंह ने जयपुर में आयोजित समारोह में निदेशक आरसीएच डॉ सुनीत सिंह राणावत से यह सम्मान प्राप्त किया। सीएमएचओ डॉ छोटेलाल गुर्जर ने बताया कि यह सम्मान जिला कलेक्टर रामवतार मीणा के मार्गदर्शन में जिले के स्वास्थ्य विभाग की टीम को गत वर्ष से सर्वाधिक सत्र आयोजन के उपलक्ष में प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि इस अभियान में हर माह की 9 18 और 27 तारीख को गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित मातृत्व की सेवाएं प्रदान करने निशुल्क जांच, परामर्श, उपचार, पोषण आदि की सेवाएं उपलब्ध कराने के मिला है। सीएमएचओ डॉ गुर्जर ने बताया कि जिले की पूरी टीम ने सराहनीय कार्य किया है जिसकी बदौलत जिला राज्य स्तर पर सम्मानित हुआ। उन्होंने अभियान से जुड़े सभी बीसीएमओ, सीएचसी पीएचसी प्रभारियों और उनकी पूरी टीम को बधाई दी। डॉ गुर्जर ने बताया कि हमें पूरी उम्मीद है कि आगे भी हमारी ओर बेहतर होगी और ज्यादा से ज्यादा गर्भवती महिलाओं को लाभ मिलेगा।

## ग्राम पंचायत केलनसर में पूर्व में स्वीकृत राजस्व गाँव को यथावत् रखने की मांग

जयपुर टाइम्स



**घंटियाली(निसं.)।** फलोदी जिले के बाप उपखंड क्षेत्र के तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत केलनसर में पूर्व में स्वीकृत राजस्व गाँव विजयनगर जो कि पंचायत मुख्यालय से तकरीबन 5 किमी. दूरस्थ स्थित है। बीते सप्ताह हाईकोर्ट जोधपुर में राजस्व गाँव के नाम पर लगी रिट की वजह से कोर्ट ने स्वीकृत राजस्व गाँव की अधिसूचना निरस्त माना बल्कि सरकार ने रद्द नही किया वहीं राज्य सरकार की और मांगे गए प्रस्ताव में राजस्व गाँव का नाम बदलने के लिए कहा. मंगलवार को क्षेत्र के ग्रामीण जनों ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय केलनसर पर मीटिंग आयोजित की जिसमे सभी ने सर्व सहमति से राजस्व गांव का नाम पंचवटी रखने की मांग की।

### वार्ड पंच के तीखे तेवर

मैं ग्राम पंचायत केलनसर के वार्ड संख्या 2 का वार्ड पंच, त्वरस्स समिति केलनसर का पूर्व अध्यक्ष रहा हूँ, मै माननीय जिला कलक्टर फलोदी से निवेदन करता हूँ कि जो हाल ही में हाई कोर्ट ने राजस्व गाँव के नाम से निरस्त किए हैं उनको यथावत पंचवटी नाम के राजस्व गाँव से रखा जाए

**पांचाराम नैण ( सेनि. सूबेदार)**

इस दौरान धूड़ाराम भादु, रुपाराम जाखड़, जीवणराम फौजी, मोटाराम मेघवाल, मूलाराम महिया, अचलाराम परिहार और कैलाश जाट आदि उपस्थित रहे।

## भूख से हुई थी दो मादा पैंथर की मौत

जयपुर टाइम्स

**उदयपुरवाटी(निस)।** शहर के मनसा माता क्षेत्र में पिछले कुछ माह पूर्व दो मादा पैंथर की मौत भूख व शोक से हुई थी। इसकी रिपोर्ट आ गई है। बता दें प्राथमिकता 17 व 23 नवंबर को मृतक दो मादा पैंथर की मौत की रिपोर्ट से सामने आने के बाद क्षेत्रीय वन अधिकारी धर्मवीर मील ने जानकारी देते हुए बताया कि भूख व शोक से मादा पैंथर की मौत हुई थी। जयपुर विधि विज्ञान प्रयोगशाला से 4 महीने बाद अब जाकर रिपोर्ट आई है जिसमें दोनों मादा पैंथर की मौत पोइजन व अन्य बाहरी कारण से मौत होना नही पाया गया है।

## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी आज उदयपुरवाटी आएगी

जयपुर टाइम्स

**उदयपुरवाटी(निस)।** प्रदेश की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी बुधवार को खिरोड़ की कैमरी की ढाणी में शहीद रामजीलाल कटेवा की प्रतिमा का अनावरण करने पहुंचेगी। इस दौरान भाजपा नेता कुबेर सिंह शेखावत ने बताया कि प्रदेश की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के आगमन पर सर्वप्रथम उदयपुरवाटी के शेखावाटी पेट्रोल पंप पर भव्य स्वागत किया जाएगा। उसके पश्चात, किरोड़ी नोहरा गेट, नांगल गौशाला , चिराना, गोल्याना, देवीपुरा बणी, मोहनवाड़ी, खिरोड़, होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुचेंगे। जंहा शहीद रामजीलाल कटेवा की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इस दौरान नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल सहित अनेक भाजपा नेता मौजूद रहेंगे।

## विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर 13 अप्रैल को

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** राष्ट्रीय फुले बिग्रेड की ओर से 13 अप्रैल को समाजसेवी आनंद कुमार बागड़ी की 11वीं पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय राजमार्ग सेठों की कोठी से बैरास जाने वाले रास्ते पर निर्माणाधीन महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय फुले बिग्रेड के लक्ष्मणगढ़ ब्लांक अध्यक्ष विनोद सांखला सेठों की कोठी, नेछवा ब्लांक अध्यक्ष दिनदयाल चुनवाल, शहर अध्यक्ष विकास गौड़, देहात अध्यक्ष मनोज धाभाईयों की ढाणी, शहर यूथ अध्यक्ष जितेन्द्र टाक व ग्रामीण यूथ अध्यक्ष सुरेन्द्र साँखल ने बताया कि शेखावटी अंचल में समाजसेवा के क्षेत्र में अनुकरणीय व अतुलनीय सहयोग देने वाले समाजसेवी बागडी की 11वीं पुण्यतिथि पर 13 अप्रैल को प्रातः 10 .15 बजे से शाम 6.15 बजे तक स्वैच्छिक विशाल रक्तदान शिविर आयोजित होगा जिसमें सीकर ब्लड बैंक की टीम रक्त संग्रहण करेंगी।

## भरतीया अस्पताल में नेबुलाइजर मशीन भेंट, श्वांस रोगियों को मिलेगी राहत

**चूरू(निस)।** रमजान के पवित्र महीने में नबी बख्श खान गौड़ व सुगरा गौड़ की स्मृति में उनके पुत्र अयूब खान गौड़ व पौत्र एडवोकेट बिलाल खान गौड़ व एडवोकेट समीर खान गौड़ ने राजकीय भारतीया अस्पताल में श्वास रोगियों के लिए नेबुलाइजर मशीन भेट की। मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर एमएम पुकार वरिष्ठ चिकित्सक डॉ एफ एच गोरी, डॉक्टर मुमताज अली, डॉक्टर दीपक सिंह एवं डॉ अरुण वर्मा उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ पुकार ने गौड़ परिवार का आभार जताते हुए कहा कि इस परिवार ने अपनी पुरुषार्थ से कमाए हुए पैसे से ये सेवा कार्य किया है जो कि प्रशंसनीय है। पूर्व अधीक्षक डॉ एफ एच गौरी ने आभार जताते हुए कहा कि अयूब खान गौड़ पिछले कई वर्षों से ये नेक कार्य कर रहे हैं जो कि प्रेरणा देने वाला है।

# राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारियों ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** राजस्व विभाग के मंत्रालयिक कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी डॉ दिव्या चौधरी को ज्ञापन सौंपा हैं। ज्ञापन ब्लॉक अध्यक्ष अशोक पारीक के नेतृत्व में दिया गया। जिसमें कर्मचारियों ने अपनी तीन प्रमुख मांगों को रखते हुए सरकार से जल्द से जल्द समाधान की मांग की है। ज्ञापन में कर्मचारियों ने मांग की है कि निदेशालय गठन से मंत्रालयिक कर्मचारियों को बाहर रखा जाए, तहसीलदार पद पर पदोन्नति के कोटे के साथ किसी प्रकार की छेड़छाड़ न की जाए, उपखंड कार्यालय में 1 सहायक प्रशासनिक अधिकारी और 2 वरिष्ठ सहायक के पद स्वीकृत किए जाए सहित मांगों को लेकर कर्मचारियों ने एकजुटता के साथ समाधान की मांग की है। ब्लॉक अध्यक्ष अशोक पारीक ने कहा कि यदि इन मांगों को शीघ्र पूरा नहीं किया गया तो 4 अप्रैल को राजधानी जयपुर में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। जिसके बाद आंदोलन के अगले चरण की घोषणा की जाएगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर मांगों को अनदेखा किया गया तो इसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी। अशोक पारीक ने कहा कि अगर मंत्रालयिक कर्मचारियों की इन मांगों को अनदेखा किया गया तो राजस्व न्यायालय का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा और तहसीलदार पद पर पदोन्नति की प्रक्रिया भी बाधित होगी। इस अवसर पर संदीप शर्मा, देवेंद्र सिंह, अनिल, तेजवीर, विजेश, अनिशा, मुनेश, सुनील सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शहरी क्षेत्र में नहीं लगे कैंप, पीएम किसान सम्मान निधि बंद होने का सता रहा डर

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सरकार ने बड़े पैमाने पर शिविर लगाकर किसानों के लिए किसान कार्ड बनवाने का काम चला रखा है और कैम्पों का ग्रामीण क्षेत्रों में पहला फैज खत्म होने जा रहा है। लेकिन शहरी क्षेत्र में रहने वाले किसानों का दर्द कोई सुनने वाला नहीं है। शहरी क्षेत्र में रहने वाले किसानों के मोबाईल में सरकार की ओर से संदेश आने लगे हैं कि 31 मार्च 2025 के बाद फार्मर आईडी नहीं होने पर पीएम किसान सम्मान निधि की किश्त किसानों के खातों में नहीं आएगी। अतः फार्मर रजिस्ट्री शिविर में या पटवारी से सम्पर्क कर फार्मर आईड बनवाएं। लेकिन शहरी क्षेत्र के किसान इसके लिए जब तहसील जाते हैं, तो उनका कोई किसान कार्ड नहीं बन पा रहा है। तहसील से पंचायत समिति और पंचायत समिति से तहसील कार्यालय भेज दिया जाता है। ऐसे ही करीब 80 साल के बुजुर्ग किसान टीकमचंद मंडा



और घीसूलाल बागड़ा मंगलवार को तहसील कार्यालय में चक्कर लगाते हुए नजर आए। घीसूलाल बागड़ा ने बताया कि पहले पंचायत समिति गए और फिर अब तहसील में आए बैठे हैं, कोई संतोष जनक जवाब नहीं मिल रहा है कि किसान कार्ड कौन बनाएगा। किसान टीकमचंद मंडा ने बताया कि हम लोग 80 साल के बुजुर्ग किसान गांवो में लगने वाले कैंप में कैसे जाएंगे? शहर में भी कम से कम एक दो जगह पर स्थायी कैंप लगना चाहिए, ताकि यहां के किसानों को राहत मिल सके। किसानों ने मांग की है कि हर वक्त तहसील कार्यालय और पंचायत समिति में दो तीन व्यक्तियों की टीम बिठाई जाए, ताकि शहरी क्षेत्र में रहने वाले किसानों के भी किसान कार्ड बन सकें। क्योंकि तहसील कार्यालय में हर वक्त पटवारी की उपलब्धता भी बड़ा प्रश्न है।

### इनका कहना है

इस बारे में तहसीलदार राजू देवी बुनकर से पूछने पर उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्र के किसान भी गांवों में लगने वाले कैंम्पो में पंजीयन करवा सकते हैं, लेकिन शहर में कैंप लगाने सम्बंधी कोई आदेश अब तक सरकार की ओर से नहीं मिला है। किसान पटवारी से भी पंजीयन करवा सकते हैं। तहसीलदार ने बताया कि जिन पंचायतों में 60 प्रतिशत से कम पंजीयन रहा है, वहां पर फिर से फोलोअप कैंप लगाए जा रहे हैं, ताकि बचे हुए किसानों का पंजीयन हो सके।

### यह रहेगा फालो अप कैंप का कार्यक्रम

तहसीलदार राजू देवी बुनकर ने बताया कि फोलो अप कैंप 26 मार्च को नौरंगसर, शोभासर, राजियासर मीठा, गुलेरिया पंचायतों में लगेगा। इसी प्रकार 27 मार्च को रणधीसर, खुड़ी, चरला, हरासर में, 28 मार्च को मुरड़ाकिया, कोलासर, मूंधड़ा, भानीसरिया तेजसिंहोतान, 29 मार्च को खारिया कनिराम, गोपालपुरा, बाघसरा आथूणा, बडाबर, 30 मार्च को सालासर, मलसीसर में शिविर आयोजित किए जाएंगे, जहां पर बचे हुए किसान अपना किसान कार्ड बनवा सकते हैं।

## राजलदेसर में पैदल यात्रा का स्वागत



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** कस्बे में बाल गोपाल सेवा समिति के सदस्यों की ओर से बीकानेर से मुख्यमंत्री आवास तक निकाली जा रही पैदल यात्रा कस्बे में एन एच 11 पर पहुंचने पर कस्बे के सामाजिक संगठनो ने स्वागत किया। कस्बे के गोरक्षा दल आजाद ग्रुप सेवा समिति के सदस्यों और श्री श्याम सेवा मित्र समिति, भाजपा मण्डल, बजरंग दल, शहीद भगत सिंह ग्रुप सहित सामाजिक संगठनो ने स्वागत किया। सोनू सिंह ने बताया कि 22 मार्च को बाल गोपाल सेवा समिति के सदस्यों के साथ मुख्यमंत्री आवास के लिए पैदल यात्रा निकाली है जो मुख्यमंत्री आवास पर ज्ञापन देंगे। उन्होंने बताया कि गोमाता को राज्य माता का दर्जा देना, गोचर भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने, गो हत्या बन्द हो, वन्यजीव संरक्षण के लिए कठोर कानून बनाने, निराश्रित गोवंश की गोशाला में उचित व्यवस्था को लेकर ज्ञापन देंगे। पैदल यात्रा सुभाष चौक बस स्टेंड पर पहुंचे तो कस्बेवासियों ने उनका स्वागत किया।

## अक्षत वितरण व पोस्टर का विमोचन



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** 6 अप्रैल को श्री रामनवमी शोभायात्रा के आयोजन को लेकर तारानगर में श्री रामनवमी शोभायात्रा आयोजन समिति की ओर से मुख्य बाजार में अक्षत वितरण किया गया। इस दौरान कस्बेवासियों को आमंत्रित किया गया, साथ ही आयोजन समिति की ओर से पोस्टर का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष अंजनी चाचान, संयोजक अरुण दाधीच, लीलाधर मित्तल, अरविन्द कासनिया, श्यामसुंदर सोनी, राकेश शर्मा, अनिल सुथार, विजय खंडेलवाल, मनोज पंवार व इंद्रसिंह शेखावत सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती गांव कोलासर मे ट्रैक्टर की टक्कर से एक युवक की मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार सोमवार रात को निकटवर्ती गांव कोलासर मे ट्रेक्टर की टक्कर पैदल चल रहे युवक की स्थिति गंभीर हो गयी, जिसे सुजानगढ़ सरकारी अस्पताल लाया गया। जहाँ चिकित्सकों ने जीतेन्द्र (33) पुत्र गोपालराम जाट, कोलासर को मृत घोषित कर दिया। टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार और अन्य ने शव को इमरजेंसी मे रखवाकर पुलिस को सूचित किया। मंगलवार सुबह सालासर पुलिस थाना के हेड कांस्टेबल शीशपाल सुजानगढ़ अस्पताल पहुंचे और परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

## फांसी के फंदे पर झूलकर युवक की मौत

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** नया बास में युवक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या कर ली। मंगलवार दिन में किसी समय विकास (28), जो सेलून की दुकान करता था, घटना के समय घर पर अकेला था। घर वाले काम से बाहर गए थे। घर आने पर घटना का पता चला। सूचना पर सुजानगढ़ कोतवाली से एएसआई कुशलाराम बिजारणिया, टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, एम्बुलेंस चालक नवरत्न बिजारणिया मौके पर पहुंचे और शव को सुजानगढ़ अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया, पुलिस ने परिजनों की रिपोर्ट पर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

## बाल अपचारी को किया निरूद्ध

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** होली धोरा क्षेत्र में 19 मार्च की शाम को नबी रसूल नामक व्यक्ति पर हुए कुल्हाड़ी से हुए हमले के मामले में पुलिस ने एक बाल अपचारी को निरूद्ध किया है। कोतवाली सीआई बैगाराम मीणा ने बताया कि बाल अपचारी को निरूद्ध करने के बाद बाल सुधार गृह चूरू भेजा गया है।

## स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** श्री श्याम शरणम गौशाला ठरडा में श्री श्याम गौ सेवा मंडल की ओर से होली स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मंडल के सदस्य उपस्थित रहे। मंडल के अध्यक्ष चैनरूप सोनी की ओर से सभी मंडल के सदस्यों का सतरंगी महोत्सव 2025 को सफल बनाने के लिए धन्यवाद जताया। गौ माता के निमित्त सहयोग करने वाले सभी दानदाताओं का आभार व्यक्त किया गया। कोषाध्यक्ष भागीरथ करवा ने हिसाब किताब का लेखा-जोखा दिया। इस अवसर पर राकेश रिणवा, पवन जांगिड़, कौशल सोनी, कमल शर्मा, सुनील जांगिड़, गोविंद सारस्वत ने भजनों की प्रस्तुतियां दी।

## लाभार्थियों को 31 मार्च तक फार्मर आईडी बनवाना जरूरी: एसडीएम

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर की 33 ग्राम पंचायतों में जारी किसान रजिस्ट्री शिविरों में आज अंतिम दिन तक लगभग 24500 किसानों की ओर से यूनिक फार्मर आईडी बनवाई गई है, सभी ग्राम पंचायतों में 3 दिवसीय शिविर आयोजित हो चुके हैं। उपखंड अधिकारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि क्षेत्र के वंचित किसान जो किसी कारणवश अपना पंजीकरण नहीं करवा सके थे, ऐसे शेष किसानों के पंजीकरण करने के लिए 26 से 31 मार्च तक प्रत्येक गिरदावर सर्किल पर फॉलोअप शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उक्त शिविर साहवा, बांय, रेड़ी बुचावास, सात्यूं, भालेरी व पंचायत समिति कार्यालय तारानगर में आयोजित होंगे। एसडीएम ने बताया कि फॉलोअप कैंप का मुख्य उद्देश्य उन किसानों तक पहुंचाना है जो पहले आयोजित शिविरों में किसी कारणवश अपना पंजीकरण नहीं करवा सके, हर पात्र किसान को यूनिक फार्मर आईडी प्रदान की जाएगी। एसडीएम राजेंद्र कुमार ने सभी किसानों से अपने दस्तावेजों के साथ शिविरों में पहुंचकर सुविधा का लाभ उठाने की अपील की है। फार्मर आईडी से मिलने वाले लाभ जैसे, पीएम किसान सम्मान निधि की किश्त के साथ फसल बीमा का लाभ, खराबे की स्थिति में किसानों का चिन्हीकरण करना आसान होगा, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद के लिए किसानों का स्वतः रजिस्ट्रेशन हो जाएगा, किसानों को कल्याण की अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए बार-बार सत्यापन या रजिस्ट्रेशन नहीं कराना पड़ेगा। एग्रीस्टेक योजनांतर्गत कृषि व किसान कल्याण मंत्रालय की ओर से दिए गए निर्देशानुसार पीएम किसान सम्मान निधि योजना की आगामी किश्तें उन्हीं किसानों को देय होगी, जिन्होंने अपनी फार्मर आईडी तैयार करवा ली है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में लाभार्थी कृषकों की ओर से 31 मार्च तक फार्मर आईडी तैयार नहीं करवाने पर उनको योजना की 20वीं किश्त का भुगतान रुक सकता है तथा खाता भी निष्क्रिय हो सकता है। ऐसे में लाभार्थी कृषक अपने गिरदावर सर्किल में शिविर में पटवारी के पास जाकर फार्मर आईडी बनवा सकते हैं।

## राष्ट्रीय वालीबॉल प्रतियोगिता में राजलदेसर के खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** 21 से 23 मार्च 2025 तक केएसआर कॉलेज, नामक्कल (तमिलनाडु) में आयोजित 13वीं सीनियर सिटिंग वॉलीबॉल नेशनल चैंपियनशिप (पुरुष व महिला) 2025 में राजस्थान की पुरुष टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक पर कब्जा जमाया, जबकि महिला टीम ने उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय देते हुए चौथा स्थान प्राप्त किया। महिला टीम की खिलाड़ी राजलदेसर निवासी स्वप्ना बागड़ी पत्नी प्रमोद कुमार ने अपने शानदार प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया और टीम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके खेल में अनुशासन और मेहनत की झलक साफ दिखाई दी। इस शानदार उपलब्धि पर राजपूताना पैरालंपिक वॉलीबॉल एसोसिएशन, राजस्थान के अध्यक्ष सुबेंद्र कोठारी ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि राजस्थान की यह जीत हमारे दिव्यांग खिलाड़ियों के समर्पण, मेहनत और आत्मविश्वास का प्रमाण है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले वर्षों में टीम इससे भी बेहतर प्रदर्शन करेगी। संस्था के सचिव कृष्ण कुमावत ने कहा कि दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए खेल सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि समाज में सम्मानजनक स्थान पाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। यह जीत न केवल राजस्थान बल्कि पूरे देश के लिए गर्व की बात है। टीम की इस सफलता से




राजस्थान में खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों के बीच उत्साह का माहौल है। इस जीत ने यह साबित कर दिया कि यदि संकल्प मजबूत हो, तो कोई भी चुनौती बड़ी नहीं होती। इस तरह राजलदेसर की बहू ने कस्बे का नाम रोशन किया।

सात दिवसीय भागवत कथा का समापन

## पाप छोटा हो या बड़ा, पाप ही होता है- दिनेशगिरी

जयपुर टाइम्स



**सालासर(निस)।** शहर के समीपवर्ती गाँव गुडावडे के श्याम मंदिर में चल रही भागवत कथा के समापन पर कथा वाचक दिनेशगिरी महाराज ने अनेक प्रसंगों का वर्णन करते हुए शिशुपाल और कृष्ण का संवाद बताया। साथ ही महाराज ने कहा कि पाप छोटा हो या मोटा हो पाप, पाप ही होता है। इस संसार में हर सजा माफ हो सकती है लेकिन पापों की सजा भुगतनी ही होती है। कृष्ण सुदामा की कथा का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि सच्ची मित्रता हमेशा स्वार्थ से उपर उठकर होती है। बचपन की मित्रता को भूलाया नहीं जा सकता है। लेकिन आजकल की मित्रता केवल स्वार्थ पर टिक गई है। इसका बहुत ही खराब परिणाम देखने को मिल रहा है। महाराज ने कहा कि आज हमें जरूरत हमारे अंदर अनेक बुराईयां है उनको मिटाने की जरूरत है। मनुष्य जीवन बहुत ही दुर्लभ है। उसको समझकर अच्छा जीवन जीना चाहिए। आज हमें जरूरत है, अपने जीवन स्तर को सात्विक के साथ आगे बढने की। उन्होने राजा परीक्षित को भागवत कथा सुनने के बाद भयमुक्त होने का उपदेश दिया। भागवत कथा के पूर्व होने पर पूर्णाहुति हवन पर किया गया। कथा समापन के अवसर पर आरती में लोडसर संरपच कन्हैयालाल शर्मा, कैलास पोद्दार, भंवरसिंह, जनार्दन शर्मा, भागीरथ राव, भागीरथ ढाका, फूलाराम नवहाल, हरिप्रसाद नवहाल, सत्यनारायण रिंणवा, दुर्गादत पिपलवा, तिलोक रिंणवा, संदीप खंडेलवाल, नरेन्द्र खंडेलवाल, विकास खंडेलवाल, संपत खंडेलवाल ने शोल व नारियल ओढ़ाकर स्वागत किया। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के सदस्यों ने महंत दिनेशगिरी महाराज का स्वागत किया। साथ ही मंदिर कमेटी की ओर से कथा स्वरुप एक लाख एक हजार रूपये दिए गए, उसे महंत ने श्याम मंदिर में भूमि दान के लिए भेंट किए गए। मंच संचालन राजकुमार शर्मा चारियां ने किया।

## नौजवान कमेटी ने किया रोज़ा इफ़्तार आयोजन



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला मुख्यालय मोहल्ला तेलियान में खलीफा समाज नौजवान कमेटी ने रविवार को रोज़ा इफ़्तार का आयोजन किया। इस दौरान नौजवान कमेटी, अकरम साबिर, इमरान हमीद, मौहम्मद रफीक, इमरान खुर्शीद, नासिर अली, अनीश शोएब सहित युवाओं ने रोजेदारों का इस्तकबाल किया। इस अवसर पर मकसूद अली, अब्दुल हमीद, चूरू जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष जमील चौहान, पूर्व पार्षद,जाकिर रजाक, मोहम्मद इदरीश, इस्माइल, मनफूल अली, शौकत डीलर, आशिफ सैय्यद, शौकत अली, खलील लादू, नासिर अली, पीरु बसीर, फारुक मंगतू आदि उपस्थित रहे। चौहान परिवार नौजवान कमेटी सदस्यो ने आए हुए रोजेदारों और मेहमानों की खिदमत की।

## पंचों और सरपंचों के दल ने किया गोपालपुरा का भ्रमण

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** ग्राम स्वराज अभियान योजनांतर्गत अंतर्राज्यीय भ्रमण करने के लिए गंगानगर जिले की 25 सरपंच व पंचों की टीम ने गोपालपुरा पंचायत का भ्रमण किया। मनोज कुमार एडीओ तथा पंकज कुमार एएओ के नेतृत्व में आई सरपंचों की टीम ने सर्वप्रथम डूंगर बालाजी के दर्शन किए। सरपंच सविता राठी के सान्निध्य में लव कुश वाटिका, पंचायत भवन, बेगराज राठी उच्च माध्यमिक विद्यालय, प्राथमिक चिकित्सा केंद्र, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय नया भवन, हरीतिमा ढाणी का अवलोकन किया। ओम प्रकाश डाबला सरपंच जालोकी ने कहा कि शिक्षा, चिकित्सा, स्वच्छता, पर्यावरण, जल स्वावलंबन और रोजगार सभी क्षेत्रों में बहुत ही सर्वोच्च तरीके से गोपालपुरा पंचायत कार्य कर रही है। सरपंच महेंद्र पाल ने कहा कि हमें भी मनरेगा के तहत सुचारू रूप से कार्य करने की यहां से प्रेरणा मिली है। सरपंच गुरमीत झुन्नू ने कहा कि पंचायत अपने अधिकारों के साथ काम कर सकती है। भंवरलाल, बाबूलाल, उप सरपंच गणपतदास, पंच प्रकाश स्वामी, प्रेम सिंह, ओमप्रकाश गुर्जर, दीपचंद गिलड़ा आदि ने सरपंच, पंच समूह का माल्यार्पण व पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया। सरपंच सविता राठी ने ग्राम पंचायत में चल रहे कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि ग्रामीणों के विश्वास से ही सफलता मिलती है। पर्यटन द्वारा प्रत्येक घर तक रोजगार पहुंचे, यही उनकी प्राथमिकता है। इस अवसर पर सरपंच जसवीर सिंह पन्नू, धर्मेंद्र सिंह, प्रेम भट्ट, राकेश बेनीवाल, देसराज, परगट सिंह, महावीर प्रसाद, अर्जुन राम, पंच आत्माराम, विनोद कुमार, पुरनराम सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## भगवान सैनी को रामरतन कोचर साहित्य सम्मान

जयपुर टाइम्स




**चूरू(निस)।** जिला मुख्यालय स्थित राज्य बीमा व प्रा. नि. विभाग में पर्यवेक्षक पद पर कार्यरत भगवान सैनी को बीकानेर की लोक जागृति संस्थान की ओर से राम रतन कोचर स्मृति साहित्य सम्मान दिए जाने पर नगर के साहित्यकारों ने खुशी व्यक्त की है। कल महारानी सुदर्शन आर्ट गैलेरी नागरी भण्डार में आयोजित सम्मान समारोह में सैनी के अलावा पांच अन्य साहित्यकारों को भी सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि श्रीभगवान सैनी की हिंदी व राजस्थानी भाषा की अभी तक दर्जनभर से अधिक साहित्यिक कृतियों का प्रकाशन हो चुका है जिनमें से कई कहानियों के अन्य भारतीय भाषाओं में अनुवाद भी हुए है। सैनी को इससे पूर्व राजस्थानी भाषा साहित्य व संस्कृति अकादमी पुरस्कार सहित कई अन्य संस्थाओं की ओर से सम्मानित / पुरस्कृत किया जा चुका है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्याम महर्षि ने कहा कि ऐसे सम्मान साहित्यकारों में नई उर्जा का संचार करते है। राजेन्द्र जोशी ने रामरतन कोचर के सामाजिक सरोकारों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का सफल संचालन युवा कवियित्री कपिला पालीवाल ने और अध्यक्षता बुलाकी शर्मा ने की। संस्था सचिव इसरार हसन कादरी ने संस्था की गतिविधियों की जानकारी साझा की।

राजस्थान जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
26 मार्च, 2025

# महिलाएं राष्ट्र की धुरी, सक्षम राष्ट्र निर्माण के लिए महिलाओं का सशक्त होना जरूरी : आर्य

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** राजस्थान दिवस के उपलक्ष में मंगलवार को महिला सम्मेलन आयोजित किया गया। प्रदेश स्तर पर बाड़मेर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में महिला सम्मेलन का प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला मुख्यालय पर मातुश्री कमला गोयनका टाउन हॉल में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम वीसी के जरिए प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम से जुड़ा रहा। इस अवसर पर जिला प्रमुख वंदना आर्य, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, जिला उप प्रमुख महेंद्र न्यौल, प्रधान दीपचंद राहड़, एडीएम अर्पिता सोनी, सीईओ श्वेता कोचर, एसीईओ दुर्गा ढाका, बसंत शर्मा सहित अतिथि उपस्थित रहे। महिला अधिकारिता सहायक निदेशक राजेंद्र सिंह, डिस्कॉम एसई आरपी वर्मा, सीडीपीओ सीमा गहलोत, सुपरवाइजर कृष्णा, जेईएन पूनम आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए जिला प्रमुख वंदना आर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा महिलाओं को समृद्ध बनाने के लिए सशक्त प्रयास कर रहे हैं। महिलाएं राष्ट्र की धुरी हैं। सक्षम राष्ट्र निर्माण के लिए सशक्त महिलाओं का होना जरूरी है। इस दिशा में केंद्र व राज्य सरकार विशेष प्रयास कर रही हैं। महिलाओं को स्वावलंबी बनाने और विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी बनाने के लिए समुचित अवसर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। इस दौरान डिस्कॉम एसई आरपी वर्मा, एसीपी नरेश टुहानिया, जेंडर स्पेशलिस्ट ज्ञानप्रकाश गोदारा, सुमेर सिंह सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं। संचालन शिवकुमार शर्मा व प्रभुदयाल सैनी ने किया।



## महिलाओं को बेबी किट, बधाई संदेश, ऋण वितरण के चेक व इंडक्शन कुकटॉप, बालिकाओं की प्रदान की स्कूटी

जिला स्तरीय कार्यक्रम में अतिथियों ने लाडो प्रोत्साहन योजना अंतर्गत प्रियंका, जास्मिन, रेणु, सुनिता, पूजा, शबनम, फिरदोश, मुस्कान, आसमीन, नूरबानो आदि महिलाओं को बेबी किट, बधाई संदेश व शॉल भेंट कर, घर पर सोलर ऊर्जा अपनाने वाली सुलोचना, मनोहरी देवी, उर्मिला देवी, राजू देवी, मीनू देवी, ऋतु गोयल, डॉ कंचन शर्मा, सीता देवी, वीणा शर्मा, इंदु देवी, अनिता देवी, मंजू देवी, लक्ष्मी देवी, रहीशा बानो, लक्ष्मी, बबलू कंवर, सुशीला शर्मा आदि महिलाओं को इंडक्शन कुकटॉप, मार्च माह में राजीविका महिलाओं को 4 करोड़ 85 लाख रुपए के ऋण वितरण के चेक प्रदान किए। इसी क्रम में कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना अंतर्गत प्रीति मीणा, कमला शर्मा, दीपिका गुर्जर, इंशु नायक, सानिया खान आदि बालिकाओं को स्कूटी की चाबी सौंपी।

## कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने चित्तौड़गढ़ में जौहर वीरांगनाओं को किया नमन



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड मंगलवार को चित्तौड़गढ़ प्रवास के दौरान जौहर श्रद्धांजलि समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने मातृभूमि के सम्मान, त्याग और बलिदान को नमन किया। उन्होंने कहा कि चित्तौड़गढ़ की यह पावन भूमि पराक्रम, स्वाभिमान और बलिदान की प्रतीक है। इस वीरता और बलिदान को स्मरण करते हुए, कर्नल राठौड़ ने कहा कि यह आयोजन हमें हमारी संस्कृति, परंपराओं और स्वाभिमान की रक्षा के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने राजस्थान की सभी वीरांगनाओं के अमर बलिदान को सादर नमन किया। इसके पश्चात, कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने सांवरिया सेठ के पावन धाम में दर्शन कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि सांवरिया सेठ की कृपा से प्रदेश निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर रहेगा।

## श्रीभगवान सैनी को स्व. रामरतन कोचर साहित्य सम्मान



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** बीकानेर की लोक जागृति संस्थान द्वारा राज्य बीमा एवं प्रा. नि. विभाग में पर्यवेक्षक पद पर कार्यरत श्रीभगवान सैनी को स्व. रामरतन कोचर स्मृति साहित्य सम्मान से सम्मानित किया गया। नगर के साहित्यकारों ने इस उपलब्धि पर हर्ष जताया। महारानी सुदर्शन आर्ट गैलेरी, नागरी भंडार में आयोजित समारोह में सैनी सहित पांच अन्य साहित्यकारों को भी सम्मानित किया गया। सैनी की हिंदी व राजस्थानी भाषा में दर्जनभर से अधिक साहित्यिक कृतियां प्रकाशित हो चुकी हैं, जिनमें से कई का अनुवाद अन्य भारतीय भाषाओं में हुआ है। मुख्य अतिथि श्याम महर्षि ने कहा कि ऐसे सम्मान साहित्यकारों को प्रेरित करते हैं। राजेंद्र जोशी ने स्व. रामरतन कोचर के सामाजिक योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता बुलाकी शर्मा ने की, जबकि संचालन कवयित्री कपिला पालीवाल ने किया। संस्था सचिव इसरार हसन कादरी ने गतिविधियों की जानकारी देते हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## गाजसर बीहड़ में तीन दिन में दूसरी बार लगी भीषण आग



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** गर्वमेंट गोयनका स्कूल के पीछे गाजसर रोड पर मंगलवार दोपहर को बीहड़ में आग लग गई। आग ने सूखे पेड़-पौधों और कचरे को जलाकर राख कर दिया। आग किसानों के खेतों की तरफ बढ़ने लगी, जिससे किसान चिंतित हो गए। नगर परिषद की चार दमकलें मौके पर पहुंचीं। शुरुआत में आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि दमकलों को भी नियंत्रण में करने में कठिनाई हुई। आग ने कुछ ही देर में सूखे और हरे पेड़ों को अपनी चपेट में ले लिया। दमकल कर्मियों ने आग को खेतों की तरफ बढ़ने से रोकने में सफलता पाई। यदि आग खेतों तक पहुंच जाती तो गेहूं की पकी फसल को भारी नुकसान हो सकता था। यह इस क्षेत्र में तीन दिन के भीतर दूसरी बड़ी आग की घटना है। आग इतनी भीषण थी कि कई किलोमीटर दूर तक धुएं का गुब्बार दिखाई दिया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह आग प्राकृतिक नहीं बल्कि असामाजिक तत्वों की ओर से लगाई जा रही है। धुएं के कारण आसपास के निवासियों को सांस लेने में परेशानी हुई। घटना की सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार महेंद्र गहलोत और सदर पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रण कर लिया है।

## 1200 भारी माल वाहनों व 630 बस मालिकों को अंतिम नोटिस

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला परिवहन कार्यालय की ओर से 1200 भारी माल वाहनों व 630 बस मालिकों को अंतिम नोटिस जारी किए गए हैं। डीटीओ नरेश कुमार ने बताया कि जिला परिवहन कार्यालय को आवंटित 113.94 करोड़ रुपए के राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जिला परिवहन कार्यालय एक्शन मोड में है। अभी तक 96.35 करोड़ रुपए राजस्व की प्राप्ति की जा चुकी है। शेष 17.59 करोड़ रुपए राजस्व की प्राप्ति के लिए बकाया कर सूची उड़नदस्तों को देकर जब्ती की कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में बिना वैध बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र, कर जमा व फिटनेस के संचालित पर जाने वाले वाहनों के पंजीयन निलंबन/ निरस्त की कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि 1200 भार वाहनों व 630 यात्री वाहनों के पंजीयन निलंबन/ निरस्त की कार्यवाही की जा रही है।

# उद्यमिता की संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में अहम है आई स्टार्ट कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला मुख्यालय स्थित इंडियन टीटी कॉलेज में मंगलवार को सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, राजस्थान सरकार के 'आई स्टार्ट प्रोग्राम' के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ अरुणा सहगल ने कहा कि आई स्टार्ट जैसे प्रोग्राम की पहल न केवल छात्राओं को आवश्यक कौशल से लैस करती है, बल्कि उन्हें अग्रणी बनने के प्रेरणा भी देती है। आयोजन के प्रति अपना उत्साह साझा करते हुए कहा कि उद्यमिता आर्थिक विकास की रीढ़ है। उन्होंने इस सत्र का आयोजन कर छात्राओं को अमूल्य अवसर प्रदान करने के लिए विभाग की सराहना की। उन्होंने छात्राओं को प्रोत्साहित किया कि वे अपने विचारों को साझा कर इस मंच का पूरा लाभ उठाएं। इस तरह का कार्यक्रम उद्यमिता की संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मनु विजय ने छात्राओं को आई स्टार्ट प्रोग्राम की महत्ता और इसके उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 'आई स्टार्ट प्रोग्राम' का मुख्य उद्देश्य युवाओं को उद्यमिता के क्षेत्र में सशक्त बनाना है। उन्होंने छात्राओं को आई स्टार्ट प्रोग्राम के तहत मिलने वाले अवसरों, जैसे फंडिंग, मेंटरशिप, नेटवर्किंग, को-वर्किंग स्पेस के बारे मे विस्तार से जानकारी दी। सुशील कुमार ने छात्राओं को कंपनी फार्मेशन पर विस्तार से चर्चा की। आउटरीच सत्र में डोमेन एक्सपर्ट सुशील कुमार शर्मा, जूनियर डोमेन एक्सपर्ट मुहम्मद शाहरुख, हेमलता तंवर, विष्णु राम हुडा व कॉलेज स्टाफ उपस्थित रहे।




# सालासर में सरपट दौड़े बिना परमिट की बसें






जयपुर टाइम्स

**सालासर(निस)।** देश दुनिया में आस्था का केंद्र कहे जाने वाले विश्व प्रसिद्ध सालासर में बस स्टैंड से सीकर जाने वाले रूट पर बिना परिवहन बिना परमिट के सरपट बसें दौड़ाई जा रही है लेकिन ऐसे लग रहा है जैसे विभाग किसी के दबाव में काम कर रहा है। बिना परमिट के चलने वाली बस का सालासर बस स्टेंड यूनियन के सदस्यों ने विरोध किया है। बस स्टेंड यूनियन के सदस्य ने बताया कि खरा लिखी हुई बस परमिट से चलने वाली बसों के आगे बस लगाकर दौड़ाई जा रही है। बेरोकटोक चल रही इन बसों पर प्रशासन कार्रवाई नहीं कर रहा है। इन बस संचालकों के पास ना तो कोई परमिट है ना ही कोई परिवहन विभाग से स्वीकृति है, और तो और बस के नंबर भी नही है। जब इसका विरोध किया गया तो अवैध रूप से खर्रा लिखी बस चलाने वाले संचालक ने पुलिस को बुलाकर परमिट से चलने वाली बस संचालको को धमकाया जा रहा है। इस गुंडागर्दी को लेकर सालासर बस स्टेंड के बस यूनियन के सदस्यों ने प्रशासन से बिना परमिट चलने वाली बसों के खिलाफ कार्रवाई कर उन्हें बंद करवाने की मांग की और प्रदर्शन किया।

# सरदारशहर में गणगौर महोत्सव की धूम, घर- घर निकली बिंदोरी

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** तहसील क्षेत्र में इन दिनों गणगौर उत्सव धूम मची हुई है। होलिका दहन के दूसरे दिन 14 मार्च को शुरू हुए और 31 मार्च तक 18 दिन तक चलने वाले इस गणगौर महोत्सव को लेकर नवविवाहिताओं, युवतियों और महिलाओं में उत्साह का माहौल बना हुआ है। शहर के वार्ड 22 में शंकरलाल सैनी के घर पर गणगौर पूजन करने वाली नवविवाहिताओं व युवतियों ने गणगौर स्वरूप शिव पार्वती की पूजा की और घर में बने पवित्र प्रसाद का भोग लगाया। राजस्थानी गीतों की मधुर आवाज के साथ गणगौर के साथ नवविवाहिताओं व कन्याओं ने एकत्रित होकर पहले गणगौर की पूजा की और बाद में लोक नृत्य करके खुशियां मनाई। गणगौर प्रतिमा को पानी पिलाने भोग अर्पित कर बासा देने की परंपरा का निर्वहन किया गया। गणगौर पूजन करने वाली नवविवाहिता मनीष सैनी ने जल, बिंदी, धूप, काजल, मेहंदी से गणगौर प्रतिमाओं का भव्य श्रृंगार किया। पूजो ए पुजारन माता कायर लागू, गौर रे गणगौर माता खोल ए किंवाड़ी आदि राजस्थानी गीत गाए गए। ईशर गौर की प्रतिमाए सर पर रखकर समूह में गीत गाती हुई घर-घर पहुंची और वहां पर गणगौर की बिंदोरी निकाली गई। एक घर पर बिंदोरी निकालने के बाद दूसरे घर में जाकर बिंदोरी निकाली जाती है। यह सिलसिला 30 मार्च तक चलेगा। वहीं गणगौर पूजन करने वाली दिव्या सैनी ने बताया कि राजस्थानी संस्कृति को गौरवमय बनाते इस पर्व पर अब भी आधुनिकता हावी नहीं हुई है। अब भी इसे पूर्व की भांति पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जा रहा है। मान्यता के अनुसार गणगौर व ईशर को शिव-पार्वती का रूप माना जाता है। इस पर्व को मनाने के पीछे परम्परा है कि कुंवारी युवतियां अच्छा वर पाने व विवाहिताएं अपने सुहाग की लम्बी आयु, सुस्वास्थ्य व परिवार की सुख-समृद्धि की कामना को लेकर गणगौर का पूजन करती हैं। गणगौर के पूजन के समय अनेक लोक गीत गाए जाते हैं। गणगौर के पूजन, बगीचों से जुहारे लाने, पानी पिलाना सहित बिंदौरे के समय अनेक लोक गीत गाए जाते हैं। इनमें चुंदड़ी रो सर्व सुहाग, सवेरे उठास्या म्हे तो, बाड़ी वाला बाड़ी खोल बाड़ी की किवाड़ी खोल छोरियां आई दूब लेण, हां जी म्हारी गौरा बाईने चुंदड़ी रो चाव, ऊंचो चंवरो चौकूंटो जल जमुना रो नीर मंगायो जी, म्हारी गौर तीसाई ओ राज, धूपियो देर धूपाइयो, उदियापुर स्यूं आई गणगौर आदि गीत प्रमुख हैं।



## सालासर में नो व्हीकल एन्ट्री, नो पार्किंग जोन व नो वेण्डर जोन घोषित

जयपुर टाइम्स

**सालासर/चूरू(निस)।** जिला कलक्टर व जिला मजिस्ट्रेट अभिषेक सुराणा ने जनहित व जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए उपखण्ड मजिस्ट्रेट, सुजानगढ़ से प्राप्त प्रस्ताव अनुसार और 3 मार्च को आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में प्रस्ताव का अनुमोदन किये जाने पर मोटर वाहन नियम, 1990 के नियम 8 (1) एवं 8 (2) से प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश जारी कर सालासर में नो व्हीकल एन्ट्री, नो पार्किंग जोन व नो वेण्डर जोन घोषित किए हैं। जारी आदेशानुसार विवेकानंद मूर्ति के पास, जाजोदिया धर्मशाला की तरफ से मंदिर आने वाली रोड पर महावीर भोजनालय वाली गली में एंगल/ गाटर लगाई जाएगी। यह क्षेत्र नो व्हीकल एन्ट्री, नो पार्किंग जोन व नो वेण्डर जोन रहेगा। इसी प्रकार एसबीआई एटीएम से बम्बई धर्मशाला व बीजीएच होटल से राजकीय सीनियर सैकण्डरी स्कूल तक कोई ठेले व वाहन, मोटरसाइकिल आदि खड़े नहीं रहेंगे। यह क्षेत्र नो पार्किंग जोन व नो वेण्डर जोन रहेगा। बड़ गट्टा व पुजारी चौक में सरकारी वाहनों की पार्किंग रहेगी। अन्य वाहन, ठेले व मोटरसाइकिल खड़े नहीं रहेंगे। इसी क्रम में विवेकानंद मूर्ति से जाजोदिया भवन की गली व मंदिर गेट नंबर 02 तक के क्षेत्र में स्थित दुकानदार अपनी दुकान में सामान सवेरे 8 बजे से पहले व रात्रि 9 बजे के बाद ले जाएंगे।

## अपाहिज व अंधे गौवंश को अतिरिक्त सहायता के लिए ऑनलाइन आवेदन अब 31 मार्च तक

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** गौसरंक्षण व संवर्द्धन निधि नियम-2016 संशोधित नियम 2021 अन्तर्गत गौशालाओं में संधारित गौवंश को वित्त वर्ष 2024-25 के प्रथम चरण की 4 माह की सहायता के पश्चात् अंधे व अपाहिज गौवंश को अतिरिक्त 3 माह अगस्त, सितम्बर, अक्टूबर 2024 की देय सहायता के लिए ऑनलाईन आवेदन अब 31 मार्च तक गोपालन वेब पोर्टल पर आवश्यक रूप से अपलोड किए जा सकते हैं। पशुपालन संयुक्त निदेशक डॉ मदन लाल गहनोलिया ने बताया कि 31 मार्च सहायता आवेदन की अन्तिम दिनांक है। इसके पश्चात् गौशालाओं के ऑनलाईन आवेदन स्वीकार नहीं होंगे और ऑफलाईन आवेदन से सहायता नहीं दी जाएगी। उन्होंने सभी गौशाला संचालकों से अपील की है कि 31 मार्च तक अपनी एसएसओ आईडी से गोपालन के वेब पोर्टल पर अंधे व अपाहिज गौवंश के लिए अतिरिक्त 3 माह की सहायता के लिए ऑनलाईन आवेदन किया जाना सुनिश्चित करें।

## किसान सम्मेलन व एफपीओ कार्यक्रम आज

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** राजस्थान दिवस के उपलक्ष में आयोजित हो रहे कार्यक्रम अंतर्गत किसान सम्मेलन व एफपीओ कार्यक्रम बुधवार को आयोजित किया जाएगा। उद्यान उपनिदेशक डॉ धर्मवीर डूडी ने बताया कि जिला मुख्यालय स्थित मातुश्री कमला गोयनका टाउन हॉल में बुधवार, को सवेरे 10 बजे जिला स्तरीय किसान सम्मेलन व एफपीओ कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री भनजलाल शर्मा के मुख्यय आतिथ्य में बीकानेर में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम से जिला स्तरीय कार्यक्रम वीसी के जरिए जुड़ा रहेगा।

## गायन प्रतियोगिता में वंशिका ने बाजी मारी

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** सुगनी देवी कस्वां स्मृति मंच हेतमसर व राजकीय कन्या महाविद्यालय, हेतमसर के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को राजकीय गर्ल्स कॉलेज, हेतमसर में आयोजित स्वर सम्राज्ञी लता मंगेशकर की ओर से गाए गए गीतो पर आधारित एकल गायन प्रतियोगिता में जिले की कुल बीस सरकारी और गेर सरकारी गर्ल्स कॉलेजों की लगभग तीस प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्राचार्या डॉ0 सुनीता बेनीवाल ने बताया कि सेठ नेतराम मघराज टीबड़ेवाल राजकीय महिला महाविद्यालय झुंझुनूं की प्रतिभागी छात्रा वंशिका बारहठ ने प्रतियोगिता का खिताब जीता है। इसके अलावा इन्द्रमणि मण्डेलिया कॉलेज की छात्रा कोमल चौहान द्वितीय और मेजवान कॉलेज हेतमसर की छात्रा दिवांशी तृतीय स्थान पर रही।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।